卐 श्री सदगुरू देवाय नम: 卐 卐ओ३म्卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धो: सलिलं सलीलं,य:शोकवह्निं जनकात्मजाया: आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक


# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 26 ♦अंक 195 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर (ऊधमसिंहनगर) ♦बुधवार ♦22 अप्रैल 2026 ♦मूल्य दो रूपया

# हर-हर महादेव के उद्घोष के साथ खुले बाबा केदारनाथ के कपाट

## मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पत्नी संग किए दर्शन, हेलीकॉप्टर से हजारों श्रद्धालुओं पर हुई पुष्प वर्षा

केदारनाथ(उद संवाददाता)। विश्व प्रसिद्ध ग्यारहवें ज्योतिर्लिंग भगवान केदारनाथ धाम के कपाट बुधवार सुबह आठ बजे शुभ मुहूर्त में विधि-विधान और इस पावन और ऐतिहासिक क्षण के साक्षी बनने के लिए देश-विदेश से हजारों श्रद्धालु धाम में मौजूद रहे।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने अपनी पत्नी गीता धामी के करीब 51 क्विंटल फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था, जो श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र बना रहा। कपाट खुलने के उपलक्ष्य में आसमान से से बात करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि केदारनाथ धाम सहित चारों धाम उत्तराखंड की आध्यात्मिक पहचान हैं






वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। कपाट खुलते ही पूरी केदारपुरी हर-हर महादेव और जय बाबा केदार के उद्घोष से गुंजायमान हो उठी। साथ धाम पहुंचकर बाबा केदार की विशेष पूजा-अर्चना की और प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि एवं उन्नति की कामना की। मंदिर परिसर को हेलीकॉप्टर द्वारा पुष्प वर्षा की गई, जिससे माहौल और भी दिव्य हो गया। धाम में पहली पूजा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नाम से संपन्न की गई। अवसर पर मीडिया और राज्य सरकार तीर्थयात्रियों को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यात्रा का अनुभव कराने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने (शेष पृष्ठ सात पर)

## पीएम ने चारधाम यात्रियों को 'डिजिटल उपवास' का दिया मंत्र

देहरादून (उद संवाददाता)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने चारधाम यात्रा के शुभारंभ पर देशवासियों को शुभकामना संदेश देते हुए उत्तराखंड आने वाले तीर्थयात्रियों से पांच विशेष संकल्पों का पालन करने का आग्रह किया है। केदारनाथ धाम के कपाट खुलने के अवसर पर प्रेषित अपने संदेश में प्रधानमंत्री ने कहा कि बाबा केदार के दर्शन सहित चारों धामों की यह पावन यात्रा भारत की सनातन सांस्कृतिक चेतना का एक भव्य उत्सव है। उन्होंने कहा कि जगद्गुरु आदि शंकराचार्य से लेकर रामानुजाचार्य और माध्वाचार्य तक ने इन यात्राओं के माध्यम से भारतीय संस्कृति को नई दिशा दी थी। प्रधानमंत्री ने कहा कि हिमालय की गोद में विराजमान ये चारों धाम हमारी शाश्वत आस्था के दिव्य केंद्र हैं और हर वर्ष विविध भाषाओं व संस्कृतियों के लोग यहां पहुंचकर एक भारत श्रेष्ठ भारत के भाव को सशक्त करते हैं। विकसित भारत के संकल्प में उत्तराखंड की भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्होंने कहा कि यह दशक उत्तराखंड का दशक है और राज्य आज पर्यटन, आध्यात्मिकता व आर्थिक प्रगति के नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने यात्रियों से अपील की कि वे यात्रा के दौरान डिजिटल उपवास रखते हुए उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता का भरपूर (शेष पृष्ठ सात पर)








# सरकारी भूमि पर बनी एक और मजार ध्वस्त

हरिद्वार। तीर्थ सनातन नगरी के गरहमीरपपुर तहसील क्षेत्र में सरकारी भूमि पर कब्जा कर बनाई गई एक अवैध मजार को धामी सरकार का बुलडोजरों ने ध्वस्त कर दिया। उक्त अवैध संरचना के नीचे किसी भी प्रकार के अवशेष नहीं मिले। जानकारी के मुताबिक हरिद्वार जिला प्रशासन ने सुमन नगर , सिंचाई विभाग की जमीन पर कब्जा कर बनाई गई अवैध मजार पर कारवाई करने से एक माह पहले यहां नोटिस दिया था और खादिमों को भूमि और निर्माण संबंधी दस्तावेज दिखाने को कहा था, समय मियाद बीत जाने के बाद आज सुबह इस अवैध संरचना को ध्वस्त कर दिया गया।मौके पर मौजूद एसडीएम जितेन्द्र सिंह ने बताया कि ध्वस्तीकरण की कारवाई से पूर्व खादिमों ने अपने जरूरी सामान को स्वयं हटा लिया। सिंचाई विभाग की भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने से पहले सभी प्रकार की विधिक कार्रवाई पूरी की गई ।डीएम मयूर दीक्षित ने बताया कि सरकारी भूमि पर अतिक्रमण हटाए जाने के सरकार के अभियान के तहत ये कारवाई की गई है ।इस अभियान में 8 बीघा सरकारी जमीन को अतिक्रमण मुक्त किया गया है।सीएम पुष्कर सिंह धामी कहते रहे है कि देवभूमि उत्तराखंड विशेषकर सनातन क्षेत्र हरिद्वार का सांस्कृतिक स्वरूप(शेष पृष्ठ सात पर)



# ट्राले से भिड़ी कार ,कई लोग घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। बिलासपुर मार्ग पर व्यापार कर चौकी के पास ट्राले से कार की जोरदार भिडन्त हो गई। इस दुर्घटना में कार में सवार कई लोगों को गंभीर चोटें आ गई। जिन्हें उपचार के लिए सरकारी व निजी चिकित्सालय ले जाया गया। जिनमें दो की हालत चिंताजनक बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार बिलासपुर की ओर से कार सवार लोग पर्वतीय क्षेत्र की ओर जा रहे थे। जब कार यहां व्यापार कर चौकी के पास पहुंची तो सामने जा रहे ट्राला चालक ने अचानक ब्रेक लगा दिए। जिससे कार चालक वाहन पर नियंत्रण नहीं रख पाया और कार तेजी से ट्राले के पीछे जा भिड़ी। इस दुर्घटना में कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हों गई और उसमें सवार लोगों में चीख पुकार शुरू हो गई। आसपास मौजूद लोगों ने कार में बैठे चार लोगों व एक कुत्ते को बाहर निकाला। सभी गंभीर रूप से घायल अवस्था में थे। घायलों को उपचार के लिए तत्काल किच्छा मार्ग स्थित एक निजी चिकित्सालय ले जाया गया। जहां से दो महिलाओं 45 वर्षीय प्रमिला पत्नी विरेन्द्र सिंह व 20 वर्षीय दिशा पुत्री कुन्दन सिंह की हालत चिंताजनक देखते हुए उनको जिला चिकित्सालय रैफर कर दिया गया। मामले की जानकारी मिलने पर पुलिसकर्मी मौके पर आ पहुंचे और (शेष पृष्ठ सात पर)



# भाजपा युवा मोर्चा ने फूंका कांग्रेस का पुतला

काशीपुर (उद संवाददाता)। भारतीय जनता युवा मोर्चा जिला काशीपुर द्वारा नारी शक्ति अधिनियम के विरोध में कांग्रेस के दोहरे चरित्र के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया गया। जिला अध्यक्ष प्रशांत पंडित के नेतृत्व में आयोजित इस प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस का पुतला फूंककर अपना रोष प्रकट किया। युवा मोर्चा के पदाधिकारियों ने स्पष्ट संदेश दिया कि महिलाओं के अधिकारों और सम्मान के मुद्दे पर किसी भी तरह की ओछी राजनीति बर्दाश्त नहीं की जाएगी। वक्ताओं ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा महिला सशक्तिकरण की दिशा में उठाए गए ऐतिहासिक कदमों को कांग्रेस पचा नहीं पा रही है और लगातार भ्रम फैलाने का प्रयास कर रही है। इस अवसर पर प्रदेश उपाध्यक्ष युवा मोर्चा गौरव कौशिक और जिला अध्यक्ष प्रशांत पंडित ने कहा कि नारी शक्ति का सम्मान भारतीय संस्कृति का मूल है और युवा मोर्चा महिलाओं के गौरव की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस केवल वोट बैंक की राजनीति करती (शेष पृष्ठ सात पर)



# चोरी की पांच बाइकों सहित दो वाहन चोर दबोचे

किच्छा (उद संवाददाता)। किच्छा क्षेत्र के आवास विकास में हुई बड़ी चोरी के खुलासे में जुटी पुलिस के हाथ बड़ी सफलता लगी है। पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी की पांच मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पकड़े गए आरोपियों ने ये वाहन किच्छा, रुद्रपुर, ट्रांजिट कैंप और बरेली के विभिन्न क्षेत्रों से उड़ाए थे। उल्लेखनीय है कि किच्छा के आवास विकास में चोरों ने एक घर पर धावा बोलकर सोने-चांदी के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया था। इस सनसनीखेज चोरी के खुलासे के लिए पुलिस की टीमें लगातार संदिग्धों की तलाश में जुटी हुई थीं। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि कुछ लोग चोरी की मोटरसाइकिलों के साथ क्षेत्र में छिपे हुए हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने घेराबंदी कर दो लोगों को धर दबोचा। पकड़े गए अभियुक्तों की पहचान मनोज प्रसाद पुत्र राजेंद्र प्रसाद और अजय कुमार पुत्र पहाड़ी के रूप में हुई है। सीओ महेंद्र सिंह धोनी ने मामले (शेष पृष्ठ सात पर)







**जय बाबा केदार...**उत्तराखंड में आज श्रद्धा, आस्था और दिव्यता की अद्भुत त्रिवेणी, ग्यारहवें ज्योर्तिलिंग श्री केदारनाथ धाम के कपाट आज पूरे विधि-विधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के साथ श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए हैं। इस पावन अवसर पर प्रदेश के सीएम पुष्कर सिंह धामी एवं उनकी धर्मपत्नी श्रमती गीता धामी समेत देशभर से पहुंचे हजारों श्रद्धालु कपाटोद्घाटन के साक्षी बने।

# पीएम मोदी ने भक्तों से की पांच संकल्प अपनाने की अपील

## सोशल मीडिया पर यात्रियों से डिजिटल उपवास रखने और उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता को महसूस करने की भी सलाह दी

देहरादून। जय बाबा केदार की जयकारों के साथ आज केदारनाथ धाम के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए हैं। इसी के साथ केदारनाथ यात्रा का शुभारंभ भी हो गया है। सीएम धामी ने जहां केदारनाथ धाम में कपाटोद्घाटन के दौरान पूजा-अर्चना की, वहीं पीएम मोदी शुभकामनाएं देते हुए श्रद्धालुओं से पांच संकल्प अपनाने की अपील की। बाबा केदार से सभी पर कृपा बनाए रखने और यात्रा को मंगलमय बनाने की प्रार्थना के साथ प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर लिखा कि चारधाम यात्रा भारत की आस्था, एकता और समृद्ध परंपराओं का प्रतीक है। गंगोत्री और यमुनोत्री धाम के कपाट 19 अप्रैल को खुल चुके हैं, जबकि बदरीनाथ धाम के कपाट 23 अप्रैल को खुलेंगे। अपने संदेश में पीएम मोदी ने श्रद्धालुओं से पांच संकल्प अपनाने की अपील की। इनमें स्वच्छता बनाए रखना, पर्यावरण संरक्षण, सेवा और सहयोग की भावना, स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देना और यात्रा के नियमों का पालन करने की अपील की।उन्होंने यात्रियों से डिजिटल उपवास रखने और उत्तराखंड की प्राकृतिक सुंदरता को महसूस करने की भी सलाह दी। प्रधानमंत्री ने कहा कि चारधाम यात्रा भारत की सांस्कृतिक चेतना का बड़ा उत्सव है और यह एक भारत श्रेष्ठ भारत की भावना को मजबूत करती है। पीएम मोदी ने कहा कि केदारनाथ धाम और चारधाम की यह यात्रा हमारी आस्था, एकता और समृद्ध परंपराओं का दिव्य उत्सव है। इन यात्राओं से हमें भारत की सनातन संस्कृति के दर्शन भी होते हैं। इस वर्ष चारधाम यात्रा के आरंभ उत्सव पर उत्तराखंड आने वाले सभी श्रद्धालुओं के लिए मैंने एक पत्र के माध्यम से अपनी भावनाएं व्यक्त की हैं। मेरी कामना है कि बाबा केदार सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें और आपकी यात्राओं को शुभ करें। वहीं कपाटोद्घाटन के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि केदारनाथ धाम सहित चारों धाम उत्तराखंड की आध्यात्मिक पहचान हैं और राज्य सरकार तीर्थयात्रियों को सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित यात्रा का अनुभव कराने के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है।




# पेयजल संकट से निपटने को बनाई रणनीति

## अमृत योजना के तहत निःशुल्क मिलेंगे पानी के कनेक्शन

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। भीषण गर्मी के आगाज और शहर में संभावित पेयजल संकट की आहट को देखते हुए महापौर विकास शर्मा ने कड़ा रुख अपनाया है। बुधवार को नगर निगम कार्यालय में जल संस्थान और जल निगम के अधिकारियों के साथ आयोजित समीक्षा बैठक में महापौर ने घर-घर स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के लिए ठोस कार्ययोजना तैयार की। बैठक में स्पष्ट किया गया कि पेयजल आपूर्ति में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। महापौर विकास शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की महत्वाकांक्षी 'अमृत योजना' की प्रगति की समीक्षा करते हुए बताया कि इस योजना के तहत 750 फीट की गहराई से निकाला जा रहा पानी गुणवत्ता में सर्वश्रेष्ठ और स्वास्थ्य के लिए अत्यंत लाभकारी है। इसे घर-घर पहुंचाने के लिए प्रथम चरण में रमपुरा, संजय नगर खेड़ा और सुभाष कॉलोनी को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में चुना गया है। महापौर ने जनता को बड़ी राहत देते हुए घोषणा की कि इन क्षेत्रों के निवासियों को नए पानी के कनेक्शन लेने के लिए कोई शुल्क नहीं देना होगा; कनेक्शन का पूरा खर्च नगर निगम वहन करेगा। जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए निर्णय लिया गया कि अब प्रत्येक सोमवार को जल संस्थान के जेई अनिवार्य रूप से नगर निगम कार्यालय में बैठेंगे। इससे आम जनता सीधे अपनी शिकायत दर्ज करा सकेगी और नए कनेक्शन की फाइलें भी जल्द निस्तारित होंगी। शिकायतों की निगरानी के लिए जल्द ही एक टोल-फ्री नंबर भी जारी किया जाएगा। महापौर ने विभागीय तालमेल पर जोर देते हुए कहा कि जहां पाइपलाइन खराब है या स्टाफ की कमी है, वहां नगर निगम की टीम मरम्मत का कार्य करेगी और जल संस्थान आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराएगा।



शहर के हर वर्ग का ध्यान रखते हुए महापौर ने निर्देश दिए कि जो लोग व्यक्तिगत कनेक्शन नहीं ले सकते, उनके लिए वार्डों में स्टैंड पोस्ट लगाए जाएं ताकि उन्हें निशुल्क पानी मिल सके। सार्वजनिक स्थानों पर वाटर कूलर और मांग वाले क्षेत्रों में वाटर टैंकर्स की संख्या बढ़ाई जाएगी। इसके अतिरिक्त, भीषण गर्मी में बेजुबान पशुओं के लिए जगह-जगह पानी के टब रखवाए जाएंगे। महापौर ने बताया कि शहर के शेष 26 वार्डों में नई पाइपलाइन बिछाने के लिए भारत सरकार ने 196 करोड़ रुपये का प्रोजेक्ट मंजूर कर दिया है, जिसका टेंडर जल्द आमंत्रित किया जाएगा। उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के विजन 'हर घर जल' को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए अधिकारियों को टीम भावना से कार्य करने के निर्देश दिए। बैठक में नगर आयुक्त शिप्रा जोशी पाण्डे, सहायक नगर आयुक्त रणदीप, नगर स्वास्थ्य अधिकारी डा. पियूष रंजन, राजू नबियाल, तरूण शर्मा, एसडीओ अन्नु अरोरा, अधिशासी अभियंता राकेश कुमार, सीएमएम मनोज कर्नाटक, जल निगम के एई सुनील कुमार, अधिशासी अभियंता जल संस्थान तरूण शर्मा, पार्षद चिराग कालरा, पार्षद प्रतिनिधि मानवेन्द्र, शुभम पाल सहित कई अधिकारी व जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# तृतीय केदार तुंगनाथ के कपाट खुले, सैकड़ों श्रद्धालु बने साक्षी

रुद्रप्रयाग । तृतीय केदार भगवान तुंगनाथ मंदिर के कपाट आज बुधवार को तय मुहूर्त पर श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। कपाटोद्घाटन के साढ़े सात सौ से अधिक श्रद्धालु साक्षी बने। इस मौके पर मंदिर को करीब आठ कुंतल फूलों से भव्य रूप से सजाया गया। भगवान तुंगनाथ की चल उत्सव विग्रह डोली अपने अंतिम रात्रि प्रवास चोपता से बुधवार सुबह नौ बजे धाम के लिए रवाना हुई। साढ़े तीन किलोमीटर की खड़ी चढ़ाई तय करते हुए डोली साढ़े दस बजे मंदिर परिसर पहुंची। इस दौरान बाबा भोलेनाथ के जयकारों के बीच श्रद्धालुओं ने डोली का



स्वागत कर आशीर्वाद लिया। वहीं मंदिर की परिक्रमा के बाद डोली को पार्वती मंदिर में विराजमान किया गया। इसके बाद मक्कू के हक-हकूकधारी ब्राह्मणों ने भोग मूर्तियों को उतारकर गर्भगृह में विधिवत पूजा-अर्चना की। परंपरा के अनुसार स्वयंभू लिंग को पुष्प और अक्षत अर्पित कर जागृत किया गया। मंदिर के मठाधीश राम प्रसाद मैठाणी ने पूजा संपन्न कराई, जिसके बाद श्रद्धालुओं ने जलाभिषेक कर बाबा तुंगनाथ का आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर पूर्व विधायक मनोज रावत, जिला पंचायत सदस्य प्रीति पुष्पवाण, डोली प्रभारी प्रकाश पुरोहित, आचार्य लंबोदर प्रसाद मैठाणी, नव निर्वाचित मठाधीश मुकेश मैठाणी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

# गांजे के साथ दो तस्कर दबोचे

काशीपुर। पुलिस ने 1100 ग्राम गांजे के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों का एनडीपीएस एक्ट में चालान किया है। आईटीआई कोतवाली पुलिस ने चौकिंग के दौरान ग्राम हिम्मतपुर में खाली मैदान में बैठे दो युवको को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से 1100 ग्राम अवैध गांजा बरामद किया है। पुलिस पूछताछ में आरोपियों की पहचान आलू फार्म मंगल बाजार निवासी तेजा सिंह पुत्र मक्खन सिंह सचिन पुत्र मुकेश के रूप में हुई। पूछताछ में तेजा सिंह ने बताया कि यह गांजा है सचिन ने लाकर उसे दिया है तथा दोनों यह गांजा लोगो को बेचने के लिए बैठे थे। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट में मुकदमा दर्ज कर उन्हें कोर्ट में पेश किया है। पुलिस टीम में एसआई पंकज कुमार, हेड कां. सिराज हुसैन, कां. रमेश बंग्याल व पंकज जोशी रहे।

# किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता

काशीपुर। एक किशोरी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई। मां की तहरीर पर पुलिस ने किशोरी की गुमशुदगी दर्ज की है। महुआखेड़ा गंज निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी साढ़े 14 साल की पुत्री 16 अप्रैल की शाम करीब 6 बजे दुकान से सामान लेने गई थी जो वापस नहीं लौटी। काफी तलाशने पर भी उसकी कोई पता नहीं चला। पुलिस तहरीर के आधार पर किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर उसकी तलाश शुरू कर दी है।

# विकास योजनाओं के लिए 59.72 करोड़ की वित्तीय स्वीकृति

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्रदेश की विभिन्न विकास योजनाओं के लिए 59.72 करोड़ रुपये का अनुमोदन प्रदान किया है। इन निर्णयों से राज्य के आधारभूत ढांचे को सुदृढ़ करने, आपदा प्रबंधन को प्रभावी बनाने तथा पेयजल एवं बाढ़ सुरक्षा से संबंधित व्यवस्थाओं को सशक्त करने में महत्वपूर्ण सहयोग मिलेगा। मुख्यमंत्री ने चम्पावत के तामली ग्राम समूह पंपिंग पेयजल योजना हेतु 14.57 करोड़ रुपये की स्वीकृति दी है। इसके साथ ही देहरादून के हरभजवाला में आसन नदी के दोनों ओर पुश्ता निर्माण हेतु प्रथम किस्त के रूप में 2.43 करोड़ और ऊखीमठ नगर पंचायत पेयजल योजना हेतु 25.78 करोड़ रुपये अनुमोदित किए गए हैं।मुख्यमंत्री ने बाढ़ सुरक्षा कार्यों को प्राथमिकता देते हुए धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र में सुसवा नदी के तटों पर कार्य हेतु 1.29 करोड़ और उत्तरकाशी के झाला गांव में भागीरथी नदी के दाहिने तट पर सुरक्षा कार्यों के लिए 3.03 करोड़ रुपये की प्रथम किस्त स्वीकृत की है। चमोली के ज्योतिर्मठ में वर्ष 2021 की आपदा से क्षतिग्रस्त 80 मीटर स्पान पैदल स्टील ट्रस पुल के पुनर्निर्माण हेतु 1.74 करोड़ रुपये जारी किए गए हैं। पिथौरागढ़ के धारचूला क्षेत्र में स्लोप प्रोटेक्शन कार्यों हेतु 1 करोड़, हरिद्वार के मनसा देवी हिल बाईपास रोड हेतु 1.74 करोड़ और नैनीताल के चार्टन लॉज क्षेत्र में सुरक्षा कार्यों हेतु 77 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई है।क्षेत्रीय विकास के क्रम में उत्तरकाशी के हर्षिल मुखवा मोटर मार्ग के सुरक्षात्मक कार्यों हेतु 1.89 करोड़ और डोईवाला के दुल्हनी नदी के विभिन्न स्थानों पर सुरक्षा कार्यों हेतु 1.65 करोड़ रुपये अनुमोदित किए गए हैं। रायपुर क्षेत्र की डिफेंस कॉलोनी और जोगीवाला बद्रीपुर क्षेत्र के नाले में बाढ़ सुरक्षा हेतु 1.84 करोड़ तथा हल्द्वानी भीमताल क्षेत्र में जमरानी बांध से पेयजल योजना हेतु 1.99 करोड़ रुपये की प्रथम किस्त को मंजूरी मिली है। मुख्यमंत्री ने चमोली के राजकीय पीएमश्री आदर्श इंटर कॉलेज भराड़ीसैंण में 05 नवीन कक्षों के निर्माण का भी अनुमोदन किया है, जिसकी घोषणा उन्होंने पूर्व में अग्निवीरों से संवाद के दौरान की थी।इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री ने सूचना एवं लोक संपर्क विभाग के बजट के साथ ही अधिकारियों की पदोन्नति का भी अनुमोदन किया है। विभाग के अंतर्गत राजस्व लेखा में 299.18 करोड़, अनुसूचित जाति कल्याण हेतु 1 करोड़ और जनजाति क्षेत्र उपयोजना हेतु 50 लाख रुपये की धनराशि महानिदेशक सूचना के निर्वतन पर रखने की मंजूरी दी गई है। साथ ही विभाग में कार्यरत सहायक निदेशक अर्चना एवं बद्री चन्द को उप निदेशक पद पर पदोन्नत करने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

# भक्ति और श्रद्धा के साथ सजा बाबा का भव्य दरबार

बरा(उद संवाददाता)। श्री बालाजी मंडल दिनेशपुर के महंत गौरव अग्रवाल पुत्र ब्रम्हलीन राजेंद्र अग्रवाल जी के सान्निध्य में श्री बालाजी महाराज का भव्य एवं विशाल दरबार अजीतपुर रोड बरा में मुकेश गंगवार के निवास स्थान पर सजाया गया। जिसमें पूरी रात श्रद्धालुओं ने अत्यंत श्रद्धा, आस्था और अटूट भक्ति भाव के साथ बाबा का गुणगान किया। इस अवसर पर आसपास और दूर दराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्त पहुंचे। दिव्य दरबार के दर्शनों के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने बाबा के दरबार में उपस्थित होकर गहरी श्रद्धा एवं विश्वास के साथ अपनी हाजिरी लगाई तथा सुख समृद्धि का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूरे आयोजन स्थल पर भक्ति और उत्साह का अद्‌भुत वातावरण देखने को मिला जिससे हर कोई भक्ति रस में सराबोर नजर आया। दरबार में भक्तों द्वारा प्रस्तुत किए गए मनमोहक, मधुर एवं भावपूर्ण भजनों ने उपस्थित श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भजनों की मधुर स्वर लहरियों पर श्रद्धालु भाव विभोर होकर





झूमते दिखाई दिए तथा कई भक्त भक्ति में लीन होकर बाबा का गुणगान करते नजर आए। पूरे कार्यक्रम के दौरान वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय एवं आनंदमय बना रहा। इस अवसर पर बिट्टू ग्रोवर, विजय चिलाना, आयुष अरोड़ा, हरिचरण सिंह, शिव कुमार, विनोद रस्तोगी, पंकज अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, संजय अग्रवाल, सौरभ अग्रवाल, अंटू रस्तोगी, किशन छाबड़ा, मोहित नारंग, धर्मवीर चौधरी, अजय जायसवाल, आशीष सिंघल, सतीश सागर, विशाल मदान, संजीव कुमार एवं सुनील कुमार सहित सैकड़ोंलोग शामिल थे। देर रात तक चले इस धार्मिक अनुष्ठान के अंत में बाबा को विशेष भोग लगाकर श्रद्धालुओं में प्रसाद वितरित किया गया।

# कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत,चालक फरार

खटीमा( उद संवाददातार)। कार की टक्कर से बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई। हादसे के बाद कार चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।जानकारी के अनुसार, मंगलवार को सैजना निवासी 30 वर्षीय युवक अपनी बाइक से भुड़ आ रहा था। जैसे ही वह पॉलीटेक्निक कॉलेज रोड से हाईवे पर पहुंचा, तभी नानकमत्ता विधायक के निजी आवास के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार कार ने उसे जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।मौके पर मौजूद लोगों की मदद से घायल को तुरंत उप जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर उसे हायर सेंटर रेफर किया गया। हालांकि रास्ते में ही युवक ने दम



तोड़ दिया।पुलिस ने युवक की पहचान उसके पास मिले दस्तावेजों के आधार पर की और परिजनों को सूचना दी। बताया जा रहा है कि मृतक खेतीबाड़ी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था और तीन भाइयों में सबसे छोटा था। उसके दो बड़े भाइयों की पहले ही मृत्यु हो चुकी है। युवक अपने पीछे वृद्ध मां, पत्नी और चार वर्षीय बेटे को छोड़ गया है।कोतवाली पुलिस का कहना है कि फरार कार चालक की तलाश की जा रही है और जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# छात्रों ने 'ड्रग्स फ्री देवभूमि' अभियान में योगदान की ली शपथ

सुल्तानपुर पट्टी (उद संवाददाता)। राजकीय पॉलिटेक्निक सुल्तानपुर पट्टी में आयोजित सीनियर छात्रों के विदाई समारोह (फेयरवेल) के अवसर पर छात्र-छात्राओं को साइबर अपराधों और नशे के बढ़ते दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक किया गया। इस दौरान संस्थान के शिक्षकों और छात्र-छात्राओं ने समाज को नशा मुक्त बनाने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में उपस्थित वक्ताओं ने साइबर अपराध



ों के विभिन्न तरीकों की जानकारी देते हुए छात्र-छात्राओं को डिजिटल सुरक्षा के प्रति सचेत किया। इसके साथ ही श्से नो टू ड्रग्स, यस टू लाइफश और शड्रग्स फ्री देवभूमिश अभियान के अंतर्गत युवाओं को नशे से होने वाले शारीरिक, मानसिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया गया। अभियान के महत्व को रेखांकित करते हुए छात्र-छात्राओं को नशे से दूर रहने और इस बुराई के खिलाफ समाज को जागरूक करने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में शिक्षकों ने कहा कि छात्र जीवन में अनुशासन और जागरूकता ही उज्ज्वल भविष्य की नींव है। इस अवसर पर संस्थान के सभी शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ता सम्मेलन में चुनावी रणनीति पर हुआ मंथन, जल्द बनेगी कार्यकारिणी

किच्छा (उद संवाददाता)। आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन किच्छा में उत्साह के साथ संपन्न हुआ। सम्मेलन में आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन की मजबूती और नई टीम के गठन पर विस्तार से विचार से मांग की कि चुनाव की तैयारियों को देखते हुए सभी विधानसभा सीटों पर प्रत्याशियों का चयन जल्द किया जाए, ताकि वे समय रहते अपने क्षेत्रों में सक्रिय होकर चुनावी मैदान में उतर सकें। कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए आह्वान किया।महेंद्र यादव ने कहा कि आम आदमी पार्टी का मुख्य उद्देश्य समाज के सभी वर्गों का सर्वांगीण विकास करना है। उन्होंने शिक्षा, स्वास्थ्य और बेरोजगारी जैसे मुद्दों पर पार्टी के विजन को जनता के सामने रखने पर जोर कार्यकारिणी के नामों का ऐलान किया जाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि पार्टी इस बार मजबूती के साथ चुनाव लड़कर सरकार का गठन करने का प्रयास करेगी। इस अवसर पर पूर्व विधानसभा प्रत्याशी कुलवंत सिंह, जिला






विमर्श किया गया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने प्रदेश प्रभारी के सम्मुख पार्टी का परचम लहराने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव रखे और ठोस रणनीति बनाने की अपील की।उपस्थित कार्यकर्ताओं ने प्रदेश प्रभारी महेंद्र यादव प्रदेश प्रभारी महेंद्र यादव ने कहा कि चाहे विधानसभा चुनाव हों या नगर निकाय चुनाव, कार्यकर्ताओं को आम जनता के बीच अपनी पहचान बनानी होगी। उन्होंने पार्टी की नीतियों और उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का दिया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए उन्होंने स्पष्ट किया कि यह सम्मेलन संगठन को धार देने और नए कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपने के लिए आयोजित किया गया है। उन्होंने घोषणा की कि जल्द ही नए पदाधिकारियों और नई अध्यक्ष जनार्दन सिंह, सह प्रभारी तारीफ सिंह, पूर्व जिला अध्यक्ष जसपाल सिंह, पूर्व महिला उपाध्यक्ष किरण, हेम बुधलाकोटी, आनंद राणा, हरमीत सिंह सैंडी, सीपी अधिकारी, अनिल सिंह और नासिर खान सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के वनकर्मियों और गाइड्स के लिए लगेगा दो दिवसीय स्वास्थ्य शिविर

रामनगर (उद संवाददाता)। जंगलों की हिफाजत करने वाले वनकर्मियों और पर्यटकों को जंगल की सैर कराने वाले गाइड्स की सेहत सुधारने के लिए कॉर्बेट टाइगर रिजर्व प्रशासन ने एक बड़ी पहल शुरू की है। सांवल्दें क्षेत्र में आगामी 25 और 26 अप्रैल को एक विशाल निशुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है। वन परिसर सांवल्दें में सुबह 8 बजे से लगने वाले इस कैंप में वन विभाग से जुड़े सैकड़ों लोगों और उनके परिजनों को लाभ मिलने की उम्मीद है।इस शिविर की मुख्य विशेषता यह है कि इसमें केवल वनकर्मी ही नहीं बल्कि उनके परिवारों, महिलाओं और बच्चों की भी संपूर्ण स्वास्थ्य जांच की जाएगी। शिविर में आंख, कान, नाक, गला और हृदय रोगों के विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम तैनात रहेगी। साथ ही बच्चों के लिए बाल रोग विशेषज्ञ




और महिलाओं के लिए महिला चिकित्सक भी मौजूद रहेंगी। कैंप में आने वाले मरीजों को जांच के उपरांत आवश्यक दवाइयां भी मुफ्त उपलब्ध कराई जाएंगी। सांवल्दें और आसपास के क्षेत्रों में रहने वाले स्थानीय निवासियों को भी इस शिविर का लाभ मिलेगा।पार्क प्रशासन की इस पहल का एक महत्वपूर्ण पहलू जिप्सी चालकों और नेचर गाइड्स का फुल बॉडी चेकअप करना है। सफारी के दौरान पर्यटकों की सुरक्षा और वन्यजीवों की निगरानी में गाइड्स की भूमिका अहम होती है। बेहतर दृष्टि और शारीरिक फिटनेस के साथ ये गाइड्स न केवल वन्यजीवों की सटीक लोकेशन बता पाएंगे बल्कि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते भांपकर पर्यटकों को सुरक्षित रख सकेंगे। वन विभाग का मानना है कि फिट वनकर्मी और स्वस्थ गाइड्स ही जंगल और वन्यजीवों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित कर सकते हैं। इसी उद्देश्य के साथ पार्क प्रशासन इन स्वास्थ्य शिविरों के माध्यम से प्रकृति के रखवालों को मजबूत बनाने का कार्य कर रहा है।

क्या अंग्रेजी दवाईयां आपका रोग ठीक करने में नाकाम हैं तो मिलें-
विजय आयुर्वेद क्लीनिक
पंचकर्म सेन्टर
निम्न रोगों के इलाज में 16 वर्षो का अनुभव:-
पार्किंसन्स, अल्जाइमर, मानसिक विकार,निःसन्तान स्त्री-पुरुष की सभी चिकित्सायें, ट्यूब ब्लॉक, सिस्ट, कीटाणु की कमी आदि। डिस्क प्रोलेप्स सर्वाइकल, गठिया, घुटने का दर्द,किडनी रोग (डायलिसिस से पहले) लीवर सिरोसिस, हैपेटाइटिस B&C, Fatty Liver प्रोस्टेट रोग
असाध्य एवं लाइलाज रोगियों की चिकित्सा शुद्ध आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा की जाती है।
DR. VIJAY PRAKASH MISHRA
M.D. (Ayurveda)
Mob.: 9410897970
DR. ASHWINI MISHRA
M.D. (Ayurveda)
स्त्री एवं त्वचा रोग
मिलने का समय : प्रातः 11:00 बजे से दोपहर 3:00 बजे तक (शुक्रवार अवकाश)
होटल राजश्री के सामने, गली नं० 2, डॉक्टर्स कालोनी
डी 1 डी 2 सिविल लाईन, रूद्रपुर (ऊधम सिंह नगर) उत्तराखण्ड

# जिलाधिकारी ने ऑनलाइन पोर्टल पर स्वयं की जनगणना प्रक्रिया पूरी की

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने जनगणना 2027 के अंतर्गत स्व-गणना के तहत निर्धारित पोर्टल पर मकान सूचीकरण का ऑनलाइन स्वयं अपनी स्व-गणना की प्रक्रिया पूरी की। उन्होंने कहा कि जनगणना 2027 के तहत प्रथम चरण में मकान सूचीकरण का कार्य गतिमान है जिसमें ऑनलाइन स्व-गणना की जा सकती है। उन्होंने बताया कि स्व-गणना 10 अप्रैल से प्रारम्भ हो गई है जो 24 अप्रैल तक की जा सकती है।जिलाधिकारी ने सभी जन मानस से अपील करते हुए कहा है कि निर्धारित पोर्टल पर स्व-गणना कर सकते हैं। उन्होंने जनता से अपील की कि स्व-गणना के माध्यम से न केवल राष्ट्र को सशक्त बनाने में अपना योगदान दें बल्कि जनगणना 2027 में भी भागीदार बनें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी आदि मौजूद थे।

# राष्ट्रीय युवा खेल प्रतियोगिता में एस.एस. पब्लिक स्कूल का शानदार प्रदर्शन

गदरपुर। भारतीय युवा खेल शिक्षा महासंघ द्वारा 15 अप्रैल से 18 अप्रैल 2026 तक आयोजित राष्ट्रीय युवा खेल प्रतियोगिता 2026 में एस.एस. पब्लिक स्कूल के छात्रों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया।प्रतियोगिता में विद्यालय के छात्र हर्षित सिंह (गोला फेंक) एवं दिशांत सामंत (800 मीटर लंबी दौड़) ने क्रीड़ाधिकारी कु. हनी के नेतृत्व में प्रतिभाग किया। हर्षित सिंह ने गोला फेंक स्पर्धा में प्रथम स्थान प्राप्त कर गोल्ड मेडल जीतते हुए कीर्तिमान स्थापित किया। वहीं दिशांत



सामंत ने 800 मीटर दौड़ में द्वितीय स्थान हासिल कर सिल्वर मेडल अपने नाम किया।दोनों खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से विद्यालय, उनके अभिभावकों एवं क्रीड़ाधिकारी का नाम गौरवान्वित हुआ है।इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष डी.पी. सिंह ने क्रीड़ाधिकारी कु. हनी एवं दोनों खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिभाग करने के लिए प्रेरित किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य परविंदर सिंह ने भी इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए क्रीड़ाधिकारी, दोनों खिलाड़ियों एवं समस्त विद्यालय परिवार को बधाई दी। उन्होंने विद्यार्थियों को जीवन में खेलों के महत्व को समझाते हुए अधिक से अधिक खेलों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

# सीएम ने देहरादून और मसूरी को जोड़ने वाले निर्माणाधीन पुल का औचक निरीक्षण किया





देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने मंगलवार को मसूरी रोड स्थित शिव मंदिर के निर्माणाधीन पुल का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने बारिश से क्षतिग्रस्त हुए पुल की कार्य प्रगति की जानकारी ली और लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि पुल निर्माण का कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर शीघ्र पूर्ण किया जाए ताकि आमजन को आवागमन में सुविधा मिल सके।मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पुल देहरादून और मसूरी को जोड़ने वाला एक अत्यंत महत्वपूर्ण संपर्क मार्ग है जिस पर प्रतिदिन बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों एवं पर्यटकों का आवागमन होता है। उन्होंने बताया कि यातायात को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से दोनों ओर से आवागमन के लिए वैली ब्रिज का निर्माण कार्य तेजी से किया जा रहा है जो दूसरी ओर से भी शीघ्र ही पूर्ण होकर संचालित हो जाएगा। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि इस स्थान पर स्थायी पुल का निर्माण कार्य भी प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है जिसे आगामी 2 से 3 माह के भीतर पूर्ण करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में सड़कों एवं पुलों के सुदृढ़ीकरण हेतु निरंतर प्रयासरत है। विभिन्न क्षेत्रों में सड़क एवं पुल निर्माण से संबंधित अनेक परियोजनाएं तेजी से क्रियान्वित की जा रही हैं जिससे प्रदेश के दुर्गम क्षेत्रों को बेहतर कनेक्टिविटी मिल सके। उन्होंने कहा कि आगामी चारधाम यात्रा एवं आदि कैलास यात्रा को ध्यान में रखते हुए सभी संबंधित विभागों को निर्देश दिए गए हैं कि आवश्यक अवसंरचनात्मक कार्यों को समय पर पूर्ण किया जाए ताकि श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों को सुरक्षित एवं सुगम यात्रा सुविधा उपलब्ध कराई जा सके। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को कार्यों की नियमित मॉनिटरिंग करने तथा प्रगति की निरंतर समीक्षा करने के निर्देश भी दिए।

# राज्यपाल ने गणतंत्र दिवस परेड में शामिल स्वयंसेवकों को किया सम्मानित

देहरादून (उद संवाददाता)। राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह से आज लोक भवन में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने मुलाकात की। इन स्वयंसेवकों ने 26 जनवरी, 2026 को नई दिल्ली के कर्तव्य पथ पर आयोजित गणतंत्र दिवस परेड में राज्य का प्रतिनिधित्व किया था। साथ ही उन स्वयंसेवकों ने भी भेंट की जिन्हें राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित किया गया है। स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर सेवा भाव के साथ एन.एस.एस. से जुड़ना युवाओं के लिए गौरव और जिम्मेदारी दोनों का विषय है। उन्होंने कहा कि गणतंत्र दिवस परेड जैसे वैश्विक महत्व के मंच पर उत्तराखण्ड का प्रतिनिधित्व करना अत्यंत सम्मानजनक उपलब्धि है जिसे देश ही नहीं बल्कि विश्वभर में देखा जाता है। राज्यपाल ने राष्ट्रपति सम्मान प्राप्त स्वयंसेवकों की भी सराहना करते हुए कहा कि यह सम्मान लाखों युवाओं में से चुनिंदा व्यक्तियों को ही प्राप्त होता है। उन्होंने इसे न केवल व्यक्तिगत सफलता बल्कि उत्तराखण्ड राज्य के लिए गर्व का क्षण बताया। युवाओं को प्रेरित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि वे समाज में ब्रांड एंबेसडर के रूप में अपनी भूमिका निभाएं। उन्होंने अपेक्षा जताई कि स्वयंसेवक एन.एस.एस. के मूल सिद्धांतों सेवा, समर्पण और सामाजिक उत्तरदायित्व को समाज में पहुंचाने का कार्य करें तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान दें। उन्होंने युवाओं से अपने लक्ष्यों के प्रति प्रतिबद्ध रहते हुए समाज में सकारात्मक परिवर्तन के प्रेरणास्रोत बनने का आह्वान किया। इस अवसर पर विशेष प्रमुख सचिव अमित सिन्हा, एन.एस.एस. के क्षेत्रीय निदेशक समरदीप सक्सेना, राज्य एन.एस.एस. अधिकारी सुनैना रावत आदि उपस्थित रहे।



# वन संसाधन प्रबंधन समिति की बैठक में कई प्रस्तावों की संस्तुति

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्य सचिव आनंद बर्द्धन की अध्यक्षता में मंगलवार को सचिवालय में उत्तराखंड वन संसाधन प्रबंधन समिति की उच्चाधिकार समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक के दौरान उत्तराखंड वन संसाधन प्रबंधन समिति के विभिन्न कार्यकलापों की जानकारी समिति के समक्ष रखी गई एवं विभिन्न प्रस्तावों को संस्तुति प्रदान की गई। मुख्य सचिव ने अखरोट विकास कार्यक्रम के तहत लगाई गई अखरोट की पौध की अद्यतन स्थिति की जानकारी मांगी। उन्होंने संबंधित प्रभाग के डीएफओ से इसका मूल्यांकन कर अवगत कराए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने योजना के अंतर्गत किसानों द्वारा इससे होने वाले फलोत्पादन की भी अद्यतन स्थिति की जानकारी मांगी। उन्होंने कहा कि इस योजना के मूल्यांकन से आगे की कार्ययोजना बनाई जा सकेगी।मुख्य सचिव ने योजना के अंतर्गत जापान के तकनीकी सहयोग एवं मार्गदर्शन से मृदा अपरदन नियंत्रण और अवसाद आपदा शमन के अंतर्गत कराए जा रहे कार्यों को आपदा प्रबंधन विभाग के साथ जापानी तकनीक के महत्वपूर्ण पहलुओं को साझा किए जाने की बात कही। उन्होंने कहा कि इससे उत्तराखंड में लैंड स्लाइड मिटिगेशन में सहायता मिल सकती है। मुख्य सचिव ने योजना के अंतर्गत आजीविका से जुड़े विभिन्न स्वयं सहायता समूहों, क्लस्टर्स और राज्य स्तरीय फेडरेशन की क्षमता विकास, बाजार की उपलब्धता के साथ ही हैंड होल्डिंग किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पिरूल की तर्ज पर लैंटाना पर भी कार्य किए जाने की जरूरत है।इस अवसर पर पीसीसीएफ कपिल लाल, सचिव डॉ. बीवीआरसी पुरुषोत्तम एवं धीराज गर्ब्याल, सी. रविशंकर, एपीसीसीएफ नरेश कुमार, अपर सचिव हिमांशु खुराना सहित वन विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



# प्रेमी की बेरूखी से युवती ने जहर खाकर दी जान

किच्छा (उद संवाददाता)। प्रेमी के साथ एक वर्ष तक रिलेशनशिप में रहने के बाद शादी करने से मना कर देने और बदनाम करने की धमकी देने से सदमे में आई युवती ने जहर खाकर अपनी जान दे दी। युवती की जहर खाने से हुई मौत के बाद अब इस मामले में नया मोड़ आया है। मृतका युवती के भाई ने पुलिस को सौंपी तहरीर में बहन की मौत के लिए उसके प्रेमी युवक को जिम्मेवार बताते हुए कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। तहरीर में कहा गया है कि प्रेमी युवक एक साल से उसकी बहन को अपने प्यार के झासे में लेकर शादी की बात करते हुए शोषण कर रहा था। जिसकी जानकारी उसे व माता–पिता को नहीं थी। 12 अप्रैल को उसकी बहन ने जहर खा लिया तो उसने बहन से पूछा कि जब घर वालों ने तुझसे कुछ नहीं कहा है फिर जहर क्यो खाया। क्या बात हो गयी। तो बहन ने बताया कि वह युवक के साथ में एक साल से रिलेशनशिप थी और वह उससे शादी करने का वायदा करता था तथा अब युवक ने उससे शादी करने से साफ मना कर दिया और बदनाम करने की धमकी देने लगा तो अपने परिवार की इज्जत बचाने के लिए उसने जहर खाया है न वह रहेगी और न युवक उसे बदनाम करेगा। जिससे परिवार की इज्जत पर दाग न लगे। उसके मरने का पूरा कारण वह युवक ही है। यह शब्द उसकी बहन ने मरने से पहले उससे कहे थे। भाई का कहना है कि उसकी बहन की निजी अस्पताल बरेली में ईलाज के दौरान मौत हो गई। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ट्रांजिट कैंप क्षेत्र से दो मोटरसाइकिलें चोरी

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में चोरों ने आतंक मचाते हुए अलग–अलग स्थानों से दो मोटरसाइकिलें पार कर दीं। पुलिस ने पीड़ितों की तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।पहली घटना आवास विकास क्षेत्र की है। मूल रूप से नकुलिया लोका सितारगंज निवासी विष्णु राणा पुत्र बसंत कुमार राणा वर्तमान में रुद्रपुर के आवास विकास में रहते हैं। विष्णु ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि वह 6 अप्रैल की रात करीब 11 बजे कंपनी से काम कर अपनी मोटरसाइकिल संख्या यूके 06 बीडी 8106 से घर लौटे थे। उन्होंने गाड़ी को लॉक कर अपने घर के सामने खड़ा कर दिया था। देर रात करीब 1 बजे जब उन्होंने बाहर देखा तो मोटरसाइकिल वहां से गायब थी। काफी खोजबीन के बाद भी वाहन का सुराग नहीं लग सका।चोरी की दूसरी वारदात गंगापुर रोड पर हुई। यहां के निवासी मुन्ना लाल पुत्र सचित प्रसाद ने कोतवाली में तहरीर देकर बताया कि 1 अप्रैल की रात करीब 9 बजे उन्होंने अपनी मोटरसाइकिल संख्या यूके 06 एपी 5266 घर पर खड़ी की थी। अगले दिन 2 अप्रैल की सुबह करीब 4 बजे जब वह उठे तो देखा कि घर के बाहर से मोटरसाइकिल चोरी हो चुकी थी। पीड़ितों ने पुलिस से अज्ञात चोरों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई और वाहन बरामदगी की मांग की है। पुलिस ने मामले की रिपोर्ट दर्ज कर आसपास के क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालना शुरू कर दिया है। इस दौरान प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए गश्त बढ़ाई जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# झाड़ियों में बैठकर कच्ची शराब बेच रहे एक तस्कर को दबोचा

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। थाना पुलिस ने अवैध कच्ची शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को 52 पाउच शराब के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर लिया है।उप निरीक्षक दिनेश रावत और उप निरीक्षक अशोक कुमार पुलिस टीम के साथ नगला बाईपास क्षेत्र में चेकिंग और शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए गश्त पर थे। इसी दौरान मुखबिर ने सूचना दी कि नगला टोल से पहले बस स्टॉप के पीछे बांस की झाड़ियों की आड़ में एक व्यक्ति कच्ची शराब बेच रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम ने बस स्टॉप के पास पहुंचकर दबिश दी और घेराबंदी कर संदिग्ध व्यक्ति को दबोच लिया। पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम नौसे अली उर्फ मल्लू पुत्र शाकिर अली निवासी नगला गोलगेट उम्र 29 वर्ष बताया। पुलिस ने जब उसके पास मौजूद नीले रंग के प्लास्टिक के थैले की तलाशी ली तो उसमें प्लास्टिक के पाउच बरामद हुए। जांच करने पर पाउच के भीतर कच्ची शराब होने की पुष्टि हुई। गिनती करने पर थैले से कुल 52 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। शराब रखने का लाइसेंस मांगने पर आरोपी कोई दस्तावेज पेश नहीं कर सका। पुलिस ने बरामद शराब को सील कर कब्जे में ले लिया है और आरोपी को हिरासत में लेकर वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। इस पूरी कार्रवाई को ई साक्ष्य ऐप के माध्यम से डिजिटल रूप में रिकॉर्ड भी किया गया है।

# मानसून से पूर्व जल भराव और बाढ़ से निपटने के लिए तैयारियां तेज करने के निर्देश

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी नितिन सिंह भदौरिया ने कैंप कार्यालय में बैठक लेते हुए कहा कि मानसून काल में जल भराव और बाढ़ की स्थिति से निपटने के लिए तैयारियां अभी से कर ली जाएं। उन्होंने निर्देश देते हुए कहा कि सभी संबंधित अधिकारी आवश्यक तैयारियों का जमीनी स्तर पर निरीक्षण कर लें तथा ऐसे क्षेत्र जहां पिछले वर्षों में जलभराव एवं बाढ़ का अधिक प्रभाव रहा है वहां सुरक्षात्मक कार्यों पर अधिक ध्यान दिया जाए। उन्होंने कहा कि सभी उप जिलाधिकारी अपने क्षेत्रों में सिंचाई, लोनिवि और निकाय अधिकारियों से समन्वय बनाकर कार्ययोजना बनाते हुए नदी, नाले, नहर व शहरी क्षेत्रों में नालों की सफाई कराना सुनिश्चित करें। उन्होंने नगर निकाय अधिकारियों को निर्देश दिए कि प्रथम चरण में सभी नालों की 30 अप्रैल तक सफाई सुनिश्चित की जाए तथा जियो टैग के साथ फोटोग्राफ भी प्रेषित किए जाएं। दूसरे चरण में वर्षाकाल से पूर्व दोबारा सफाई कराई जाएगी। जिलाधिकारी ने सड़क महकमों को निर्देश दिए कि स्कवर और पुलिया के नीचे जमा मलबे की सफाई सुनिश्चित की जाए। सिंचाई विभाग को नदी और जलाशयों में जमा सिल्ट का सर्वे कर ड्रेजिंग हेतु प्रस्ताव 25 अप्रैल तक प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने सभी निकाय अधिकारियों को अपने अपने निकायों के नदी और नालों का जीआईएस मैप बनाने के निर्देश दिए। साथ ही सिंचाई विभाग को पूरे जनपद के नदी, नालों और जलाशयों का जीआईएस बेस मैप तैयार करते हुए संभावित बाढ़ क्षेत्रों के समाधान हेतु लघु व दीर्घकालीन कार्ययोजना बनाने को कहा।उन्होंने स्पष्ट किया कि वर्षाकाल में शहरों व ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव की समस्या उत्पन्न होती है, इसलिए सभी कार्यदायी संस्थाएं रिवर चौनेलाइजेशन और नालों की सफाई का कार्य 15 जून से पूर्व पूर्ण कर लें। बाजपुर की लेवड़ा नदी पर निर्माणाधीन पुलों को जून तक पूरा करने के निर्देश लोनिवि को दिए गए। बैठक में अपर जिलाधिकारी कौस्तुभ मिश्र, नगर आयुक्त शिप्रा जोशी, उप जिलाधिकारी गौरव पाण्डेय, अधिशासी अभियंता सिंचाई बीएस डांगी, आनंद सिंह नेगी, जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी उमाशंकर नेगी मौजूद थे जबकि सभी उप जिलाधिकारी और अधिशासी अधिकारी वर्चुअल माध्यम से जुड़े थे।





# ट्रिपल इंजन सरकार में तेज हुई विकास की रफ्तार: महापौर

## संजय नगर खेड़ा में दी लाखों के विकास कार्यों की सौगात, दो सीसी सड़कों का किया शिलान्यास

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नगर की बुनियादी सुविधाओं को सुदृढ़ करने और जन–आकांक्षाओं को धरातल पर उतारने के क्रम में महापौर विकास शर्मा ने वार्ड संख्या 11, संजय नगर खेड़ा में लाखों के विकास कार्यों का शिलान्यास किया। उन्होंने स्थानीय जनता को विश्वास दिलाया कि क्षेत्र का कायाकल्प उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इस दौरान पूरा क्षेत्र 'पुष्कर धामी जिंदाबाद' और 'विकास शर्मा जिंदाबाद' के नारों से गुंजायमान रहा और वार्डवासियों ने का कुशल मार्गदर्शन और आशीर्वाद है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि प्रदेश में 'ट्रिपल इंजन' की सरकार विकास के नए कीर्तिमान स्थापित कर रही है और मुख्यमंत्री रुद्रपुर के चहुंमुखी विकास के लिए दिल खोलकर बजट आवंटित कर कि नगर निगम अब केवल एक प्रशासनिक निकाय नहीं, बल्कि एक बहुआयामी सेवा संस्था के रूप में उभर रहा है, जिसका उद्देश्य समाज के अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना है।महापौर सौंपी है, उसे वह पूरी ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ निभा रहे हैं। संजय नगर खेड़ा क्षेत्र की लंबित मांगों को एक–एक कर पूरा किया जा रहा है और जल्द ही कई नई योजनाओं को अमलीजामा पहनाया गरिमामयी अवसर पर क्षेत्रीय पार्षद नीतू राय और मानवेन्द्र राय ,निखिल मण्डल, सिद्धार्थ मलिक, विप्रो ढाली, चंदन ढाली, मुकेश मण्डल, मिंटू विश्वास, छोटू मण्डल, साधन मण्डल, लिपेनप विश्वास, बॉबी पासी, राम







क्षेत्रीय निवासियों की वर्षों पुरानी मांग को प्राथमिकता देते हुए महापौर ने 5.62 और 2.87 लाख लगत की दो सड़कों का विधिवत शिलान्यास किया। नारियल फोड़कर और फीता काटकर निर्माण कार्य का शुभारंभ करते हुए पुष्पमालाओं के साथ महापौर का भव्य स्वागत कर अपनी खुशी का इजहार किया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महापौर विकास शर्मा ने कहा कि आज रुद्रपुर का जो स्वरूप बदल रहा है, उसके पीछे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी रहे हैं। महापौर ने आंकड़ों के साथ अपनी बात रखते हुए बताया कि नगर निगम ने महज एक वर्ष के भीतर 102 करोड़ रुपये की अभूतपूर्व विकास योजनाओं को धरातल पर उतारकर एक नया कीर्तिमान रचा है। उन्होंने स्पष्ट किया ने कहा कि विकास का यह सिलसिला थमने वाला नहीं है, बल्कि आने वाले समय में कई बड़े और महत्वाकांक्षी प्रोजेक्ट्स साकार होने वाले हैं। उन्होंने कहा कि जनता ने उन्हें जो जिम्मेदारी एक सेवक के रूप में जाएगा। नगर निगम की कार्यप्रणाली पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने बताया कि शहर के हर वार्ड को समान रूप से विकसित करने के लिए निगम प्रतिबद्ध है और वह स्वयं हर कार्य की गुणवत्ता पर पैनी नजर रख रहे हैं।इस कुमार गुप्ता, अमल मण्डल, राजू मल्लिक, मनोज राय, अजीत गाईन, डॉ. सुकांत, तपन राय, सुदामा सरकार, प्रशांत मिस्त्री, आशुतोष बोस, अखिल साना और प्रियंका विश्वास समेत सैकड़ों वार्डवासियों ने उपस्थिति दर्ज कराई ।

# खटीमा का मुस्लिम युवक हिंदू बन पहुंच महिला के घर ,लोगों ने जमकर लगाई पिटाई

रुद्रपुर। ट्रांजिट कैंप थाना क्षेत्र में सोशल मीडिया के जरिए दोस्ती कर एक युवक के महिला के घर पहुंचने पर हंगामा हो गया। स्थानीय लोगों ने युवक की पिटाई कर उसे पुलिस के हवाले कर दिया।जानकारी के अनुसार, खटीमा निवासी एक युवक ने इंस्टाग्राम पर खुद को हिंदू बताकर महिला से दोस्ती की थी। कुछ समय बाद जब महिला को युवक के दूसरे धर्म का होने की जानकारी मिली तो उसने उससे बातचीत बंद कर दी। आरोप है कि इसके बावजूद युवक सोमवार रात महिला के घर पहुंच गया और हंगामा करने लगा।शोर–शराबा सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और



युवक की पिटाई कर दी। सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युवक को हिरासत में ले लिया। बताया जा रहा है कि युवक को हल्की चोटें आई हैं।पुलिस ने युवक के खिलाफ शांति भंग की धाराओं में कार्रवाई करते हुएचालान कर दिया है। मामले में अन्य पहलुओं की भी जांच की जा रही है।

# नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष नासिर का बेहड़ ने किया स्वागत

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। किच्छा विधायक तिलक राज बेहड के यहां स्थित आवास पर कांग्रेस पार्टी के नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष नासिर अली का माल्यार्पण कर स्वागत किया गया तथा उन्हें मिष्ठान खिलाकर शुभकामनाएं दी गईं। इस अवसर पर विधायक तिलक राज बेहड ने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी की विदाई तय है और कांग्रेस पार्टी पूर्ण बहुमत के साथ प्रदेश में अपनी सरकार बनाएगी। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में समाज का हर वर्ग भाजपा सरकार की नीतियों से परेशान है। उन्होंने उपस्थित कांग्रेस कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि पार्टी हित में सभी कार्यकर्ता एकजुट होकर कांग्रेस की रीति–नीति और जनहितकारी विचारधारा का



व्यापक प्रचार–प्रसार करें। उन्होंने कहा कि युवाओं की ऊर्जा और सहभागिता के बल पर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनना निश्चित है। इस दौरान मोहन खेड़ा, संजय जुनेजा, पार्षद गौरव गिरी,चेतन भट्ट ,तरुण नेगी,सुमित राय, शफी अहमद, मुनव्वर हुसैन, अहमद हसन, अकबर अली, मोहम्मद आसिफ, मुराद अली, शेर मोहम्मद सहित अनेको कांग्रेसजन थे।

# मंडी बोर्ड की बैठक में 155 करोड़ का बजट पास

## आउटसोर्स कर्मियों के वेतन बढ़ाने का निर्णय

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। उत्तराखंड कृषि उत्पादन विपणन बोर्ड की 41वीं बैठक में 155 करोड़ रुपये का बजट पास किया गया। बैठक की अध्यक्षता मंडी बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. अनिल कपूर 'डब्बू' ने की। बैठक में विभिन्न विकास कार्यों, सड़कों और अन्य योजनाओं को भी मंजूरी दी गई।बैठक में आउटसोर्सिंग के माध्यम से कार्यरत कर्मचारियों का वेतन बढ़ाने का निर्णय लिया गया। इसके लिए वित्त नियंत्रक की अध्यक्षता में एक समिति गठित की गई है, जो रिपोर्ट के



आधार पर अंतिम निर्णय लेगी। साथ ही मंडी बोर्ड के विपणन क्षेत्र के विस्तार के लिए नए पदों के सृजन का प्रस्ताव भी शासन को भेजा जाएगा।निर्णय लिया गया कि प्रदेश की मंडियों में उपभोक्ताओं के लिए जल्द ही डिजिटल बोर्ड लगाए जाएंगे, जिन पर प्रतिदिन वस्तुओं के निर्धारित दाम प्रदर्शित किए जाएंगे। इससे उपभोक्ताओं को उचित और सस्ती दरों पर खाद्य सामग्री उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।इसके अलावा प्रमुख मंडियों में रिटेल काउंटर खोलने की योजना भी बनाई गई है, जहां उपभोक्ताओं को सीधे सस्ती दरों पर फल, सब्जी व अन्य सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी। मंडी बोर्ड के अध्यक्ष ने बताया कि इससे प्रदेश में विपणन व्यवस्था में बड़ा बदलाव आएगा और उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। बैठक में मंडी बोर्ड के प्रबंध निदेशक, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी, सचिव स्तर के अधिकारी और भारत सरकार के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

# नई घास मण्डी में आज सजेगा माँ भगवती का विशाल जागरण

रुद्रपुर। नगर की सामाजिक संस्था आदर्श नव युवा मंच के तत्वावधान में आज 22 अप्रैल को एक विशाल जागरण का आयोजन किया जा रहा है। यह



धार्मिक अनुष्ठान आदर्श कॉलोनी स्थित नई घास मण्डी (वार्ड नं. 36) में संपन्न होगा।कार्यक्रम के आयोजकों ने बताया कि जागरण की शुरुआत आज रात्रि 9 बजे से होगी, जो माँ भगवती की इच्छानुसार देर रात तक अनवरत चलेगा। इस दौरान श्रद्धालु भक्ति भजनों का आनंद लेंगे और माँ की महिमा का गुणगान किया जाएगा।कार्यक्रम को सफल बनाने में संयोजक दीपक कुमार सागर, रंजीत सागर, शिव कुमार, रविन्द्र सागर, देवेन्द्र कुमार और दिनेश सागर मुख्य रूप से सहयोग कर रहे हैं और सारी व्यवस्था देख रहे हैं। आयोजन समिति ने समस्त धर्मप्रेमी जनता से सपरिवार इस भक्तिमय संध्या में शामिल होकर पुण्य लाभ कमाने की अपील की है।

# पत्नी को वीडियो कॉल कर फंदे पर झूला युवक

रुद्रपुर।मेट्रोपोलिस सिटी में एक युवक ने कथित रूप से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना से इलाके में सनसनी फैल गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने कमरे का दरवाजा तोड़कर शव को बाहर निकाला और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।जानकारी के अनुसार, मूल रूप से बहादराबाद (हरिद्वार) निवासी 36 वर्षीय युवक यहां मेट्रोपोलिस सिटी के विला एफ–130 के प्रथम तल पर किराये के मकान में रह रहा था। वह सिडकुल की एक कंपनी में असिस्टेंट प्रोडक्शन मैनेजर के पद पर कार्यरत था।बताया जा रहा है कि पति–पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद चल रहा था। मंगलवार को दोनों के बीच कहासुनी के बाद पत्नी मायके सहारनपुर चली गई। दोपहर में युवक ने अपनी पत्नी



को वीडियो कॉल किया, जिसमें उसने फांसी लगाने की बात कही। इसके बाद फोन कट गया और उसने कॉल उठाना बंद कर दिया।पत्नी की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। कमरे का दरवाजा अंदर से बंद था, जिसे तोड़कर पुलिस अंदर दाखिल हुई। अंदर युवक फंदे से लटका मिला। पुलिस ने उसे नीचे उतारकर जांच की, लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। फॉरेंसिक टीम ने मौके से साक्ष्य जुटाए। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का बताया जा रहा है, हालांकि पुलिस अन्य पहलुओं की भी जांच कर रही है। मृतक पिछले चार साल से पत्नी के साथ यहां रह रहा था।

# संक्रामक रोग पर रोकथाम को चलाया विशेष अभियान

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। जिलाधिकारी के निर्देशानुसार जनपद में गर्मी के मौसम के दृष्टिगत संभावित संक्रामक बीमारियों की रोकथाम हेतु खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा हल्द्वानी क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण किया गया तथा खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से विभिन्न नमूने संकलित किए गए। इस क्रम में अरहर की दाल, पिज्जा एवं लस्सी के नमूने जांच हेतु विधिवत लिए गए। संकलित नमूनों को परीक्षण हेतु राजकीय खाद्य प्रयोगशाला, रुद्रपुर प्रेषित किया गया है। नमूनों की जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के उपरांत खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम, 2006 तथा संबंधित नियम एवं विनियम, 2011 के अंतर्गत



नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की जाएगी। यह अभियान खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करने एवं आम जनमानस को सुरक्षित एवं स्वच्छ खाद्य उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चलाया गया है। विभाग द्वारा आगे भी ऐसे विशेष अभियान निरंतर चलाए जाते रहेंगे। उक्त कार्यवाही वरिष्ठ खाद्य सुरक्षा अधिकारी, नगर निगम, अभय कुमार सिंह के निर्देशन में संपन्न की गई।

उत्तरांचल दर्पण
सम्पादकीय सत्यम् शिवम् सुन्दरम्

# युद्धविराम की चुनौती

ईरान पर अमेरिका और इजराइल के साझा हमले के बाद करीब एक पखवाड़े पहले बहुत मुश्किल से दो सप्ताह के युद्धविराम पर सहमति बनी थी। फिर दोनों पक्षों के बीच बातचीत की शुरुआत से यह उम्मीद जगी कि वे युद्ध को पूरी तरह खत्म करने पर राजी हो जाएंगे। मगर आज युद्धविराम की अवधि पूरी होने के बाद भी जैसे हालात दिख रहे हैं, उसमें ईरान और अमेरिका के तेवर समाधान की संभावना के सामने एक बड़ी चुनौती हैं। दूसरी ओर, इस युद्ध के नतीजे में उपजी विकट और जटिल होती परिस्थितियों के बीच ये सवाल उठने लगे हैं कि आखिर अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच जारी युद्ध का हासिल क्या होगा और उसका खमियाजा दुनिया को कितने देशों को कब तक भुगतना पड़ेगा। खासतौर पर होर्मुज जलमार्ग को बाधित किए जाने के बाद बहुत सारे देशों में जिस तरह प्राकृतिक गैस और तेल का जैसा संकट खड़ा हो गया है, उसे देखते हुए स्वाभाविक ही यह मांग उठने लगी है कि अमेरिका और ईरान का रुख चाहे जो हो, उन्हें वैश्विक हित में खुद को नरम करना चाहिए और किसी भी तरह से युद्ध खत्म हो। यह छिपा नहीं है कि इजराइल और अमेरिका के हमले की प्रतिक्रिया में ईरान ने जब होर्मुज जलमार्ग को रोक दिया, तब से भारत सहित दुनिया के कई देशों में प्राकृतिक गैस और तेल की आपूर्ति व्यापक पैमाने पर बाधित हुई है और वहां का जनजीवन बुरी तरह बाधित हुआ है। ये देश युद्ध में शामिल नहीं हैं, लेकिन उसकी मार से पीड़ित हैं। दरअसल, होर्मुज जलमार्ग के जरिए दुनिया के अलग-अलग देशों में बीस फीसद से ज्यादा ऊर्जा की आपूर्ति होती है। मगर जब से इस मार्ग को बाधित किया गया है, लगभग सभी प्रभावित देशों में लोग न केवल रसोई गैस और पेट्रोल-डीजल के संकट का सामना कर रहे हैं, बल्कि रोजमर्रा की जरूरतों के सभी सामान के महंगे होने का दंश भी झेल रहे हैं। इस बीच पाकिस्तान की मध्यस्थता में इस्लामाबाद में अमेरिका और ईरान के बीच बातचीत भी हुई, मगर वह आखिर विफल रही। अब वैश्विक स्तर पर यह उम्मीद की जा रही है कि अमेरिका और ईरान के बीच युद्ध को खत्म करने के लिए फिर से बातचीत आगे बढ़े। अफसोस की बात यह है कि एक ओर अमेरिकी नौसेना की ओर से ईरानी जहाज जब्त करने से लेकर युद्धविराम खत्म होने के बाद ईरान पर ढेरो बम गिराने के ट्रंप की धमकी सामने आ रही है, तो दूसरी ओर अमेरिकी हरकतों को युद्धविराम का उल्लंघन बताते हुए ईरान ने भी वार्ता के अगले दौर में हिस्सा लेने को लेकर अनिच्छा जाहिर की है। सवाल यह है कि युद्धविराम पर सहमत होने के बावजूद अमेरिका की ओर से ऐसे आक्रामक बयान क्यों जारी किए जा रहे हैं और कूटनीतिक स्तर पर बातचीत को आगे बढ़ाने के प्रति गंभीरता क्यों नहीं दिखाई जा रही है। इस तरह के तीखे तेवरों का हासिल यह सामने आ रहा है कि रविवार को भी कच्चे तेल की अंतरराष्ट्रीय कीमतों में भारी उछाल दर्ज किया गया। इसके अलावा भी ईरान सहित खाड़ी देशों के तेल ठिकानों पर जिस पैमाने के हमले हुए हैं, उनका असर वैश्विक तेल कीमतों पर पड़ना तय है। इससे ज्यादा त्रासद यह है कि इस सबका वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दीर्घकालिक असर पड़ेगा, जिससे उबरना सभी देशों के लिए चुनौती साबित हो सकता है।

# संकट के मुहाने पर खड़ी 'पृथ्वी'

22 अप्रैल को मनाया जाने वाला विश्व पृथ्वी दिवस हर वर्ष हमें एक ठहराव देता है सोचने का, समझने का और स्वयं से प्रश्न करने का। यह दिन मानो हमसे पूछता है कि जिस पृथ्वी ने हमें जन्म दिया, पाला-पोसा और अपने संसाधनों से जीवन को संभव बनाया, क्या हम उसके प्रति उतने ही संवेदनशील और उत्तरदायी हैं? आज जब हम विकास, आधुनिकता और उपभोग की चमक में डूबे हुए हैं, उसी समय पृथ्वी चुपचाप अपने भीतर एक गहरा संकट समेटे हुए है। यह संकट अब दूर का कोई खतरा नहीं, बल्कि हमारे वर्तमान का यथार्थ बन चुका है।पृथ्वी पर जीवन की यह सुंदर संरचना, जो करोड़ों वर्षों में विकसित हुई, आज कुछ ही दशकों में असंतुलन की कगार पर खड़ी दिखाई देती है। इसका सबसे बड़ा कारण है मानव की अनियंत्रित विकास यात्रा, जिसमें प्रकृति को संसाधन मानकर उसका दोहन किया गया, न कि सहचर मानकर उसके साथ संतुलन बनाया गया। परिणामस्वरूप आज हम ऐसे दौर में खड़े हैं, जहाँ प्रकृति का धैर्य जवाब देने लगा है और उसके संकेत पहले से अधिक स्पष्ट और तीखे होते जा रहे हैं।जलवायु परिवर्तन इस संकट का सबसे व्यापक और चिंताजनक रूप है। जलवायु परिवर्तन केवल एक वैज्ञानिक शब्द नहीं, बल्कि हमारे समय की सबसे बड़ी चुनौती है। जलवायु परिवर्तन से संबंधित अंतर - सरकारी पैनल की रिपोर्टों के अनुसार, पृथ्वी का औसत तापमान औद्योगिक काल से अब तक लगभग 1.1 डिग्री सेल्सियस बढ़ चुका है। यह वृद्धि भले ही मामूली प्रतीत हो, किंतु इसके परिणाम भयावह हैं। पहाड़ों पर जमी बर्फ का पिघलना, समुद्र का बढ़ता जलस्तर, शहरों में झुलसाती गर्मी और गाँवों में सूखते खेत ये सब उसी परिवर्तन के संकेत हैं।भारत में बीते कुछ

22 अप्रैल : पृथ्वी दिवस पर विशेष




वर्षों में तापमान के नए रिकॉर्ड, असमय वर्षा और बार-बार आने वाली बाढ़-सूखे की स्थितियाँ यह दर्शाती हैं कि जलवायु परिवर्तन अब भविष्य की नहीं, वर्तमान की समस्या है। किसान, जो धरती के सबसे करीब होता है, इस बदलाव को सबसे पहले और सबसे गहराई से महसूस करता है। उसके खेतों में उगती फसलें अब मौसम की अनिश्चितताओं के भरोसे हैं, जो कभी भी उसका श्रम और उम्मीद दोनों छीन सकती हैं।वनों का क्षरण इस संकट को और अधिक गहरा कर रहा है। जंगल केवल हरियाली का प्रतीक नहीं, बल्कि जीवन के संतुलन का आधार हैं। खाद्य एवं कृषि संगठन के अनुसार, हर वर्ष लगभग एक करोड़ हेक्टेयर वन क्षेत्र समाप्त हो रहा है। यह आँकड़ा केवल भूमि के नुकसान का नहीं, बल्कि उन असंख्य जीवों के घर उजड़ने का है, जिनका अस्तित्व इन वनों पर निर्भर है। प्रकृति के लिए विश्वव्यापी कोष की "लिविंग प्लैनेट रिपोर्ट 2022" बताती है कि 1970 के बाद से वन्यजीवों की संख्या में औसतन 69 प्रतिशत की गिरावट आई है। यह गिरावट केवल जैव विविधता का संकट नहीं, बल्कि उस प्राकृतिक संतुलन के टूटने का संकेत है, जिस पर मानव जीवन भी टिका हुआ है।जल संकट भी एक ऐसी चुनौती बनकर उभर रहा है, जिसे अब नजरअंदाज करना संभव नहीं। संयुक्त राष्ट्र की रिपोर्ट के अनुसार, विश्व की दो अरब से अधिक आबादी को सुरक्षित पेयजल उपलब्ध नहीं है। भारत में भी स्थिति चिंताजनक है, जहाँ कई शहर और गाँव धीरे-धीरे जल संकट की ओर बढ़ रहे हैं। नदियाँ सिकुड़ रही हैं, भूजल स्तर गिरता जा रहा है और वर्षा का स्वरूप अनिश्चित होता जा रहा है। पानी, जो कभी जीवन का सहज हिस्सा था, अब संघर्ष का कारण बनता जा रहा है।प्रदूषण इस पूरी स्थिति को और अधिक जटिल बना देता है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार, हर वर्ष लगभग 70 लाख लोगों की मृत्यु वायु प्रदूषण के कारण होती है। यह आँकड़ा बताता है कि हम जिस हवा में सांस ले रहे हैं, वही हमारे लिए खतरा बन चुकी है। जल प्रदूषण, भूमि प्रदूषण और प्लास्टिक कचरे का बढ़ता अंबार पृथ्वी को धीरे-धीरे बीमार बना रहा है। संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम के अनुसार, हर वर्ष करोड़ों टन प्लास्टिक समुद्रों में पहुँचता है, जिससे समुद्री जीवन पर गहरा संकट उत्पन्न हो रहा है।इन सभी समस्याओं की जड़ में यदि कोई एक तत्व है, तो वह है मानव की बढ़ती आवश्यकताएँ और अनियंत्रित उपभोग। विश्व की जनसंख्या 8 अरब से अधिक हो चुकी है और इसके साथ ही संसाधनों पर दबाव भी बढ़ता जा रहा है। संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष का अनुमान है कि यदि संसाधनों का संतुलित उपयोग नहीं किया गया, तो आने वाले समय में यह असंतुलन और गंभीर हो सकता है।इस पूरी परिस्थिति का सबसे अधिक प्रभाव उन समुदायों पर पड़ता है, जो प्रकृति के साथ सहअस्तित्व में जीवन जीते हैं विशेष रूप से आदिवासी समाज। उनके लिए, जंगल केवल संसाधन नहीं, बल्कि जीवन, संस्कृति और पहचान का आधार हैं। जब जंगल कटते हैं, तो केवल पेड़ नहीं गिरते, बल्कि उनके साथ एक संपूर्ण जीवन पद्धति भी बिखर जाती है।इन गंभीर चुनौतियों के बीच आशा की किरण भी मौजूद है। समाधान असंभव नहीं है, बशर्ते हम अपनी सोच में परिवर्तन लाएँ। सतत विकास की दिशा में उठाए गए छोटे-छोटे कदम भी बड़े बदलाव ला सकते हैं। जब हम ऊर्जा की बचत करते हैं, पानी को सहेजते हैं, पेड़ लगाते हैं या प्लास्टिक के उपयोग को कम करते हैं, तो हम केवल एक आदत नहीं बदलते, बल्कि पृथ्वी के भविष्य को सुरक्षित बनाने में योगदान देते हैं।सरकारों और अंतरराष्ट्रीय संगठनों की नीतियाँ तभी प्रभावी होंगी, जब आम नागरिक उनका हिस्सा बनेंगे। पर्यावरण संरक्षण केवल नीतियों का विषय नहीं, बल्कि जीवनशैली का हिस्सा बनना चाहिए। अंततः, यह समझना अत्यंत आवश्यक है कि पृथ्वी कोई बाहरी तत्व नहीं, बल्कि हमारा अपना विस्तार है। यदि यह बीमार होगी, तो हम स्वस्थ नहीं रह सकते। अभी भी समय है अपने कदमों को रोककर, अपनी दिशा को बदलने का।

-संध्या राजपुरोहित

# दुर्घटनाओं को आमंत्रित करते एक्सप्रेस वे और राजमार्ग

## सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र, राज्य सरकारों और संबंधित सड़क प्राधिकरणों को सुरक्षित बनाने के दिए निर्देश

निसंदेह देश में अच्छे और चौड़े राजमार्ग उत्कृष्ट विकास के प्रतीक हैं। सड़कें मानव विकास की जीवन रेखाएं हैं। देश की आर्थिक स्थिति सुधरने के साथ-साथ सड़कों के निर्माण का जाल बिछ गया है। ग्रामों से मुख्य मार्गों को जोड़ने वाली सड़कें भी बड़ी संख्या में बनी है। लेकिन उसी अनुपात में वाहन तो बढ़े ही, उनकी रफ्तार भी बढ़ गई। नशे में भी लोग वाहन बेधड़क चलाने लग गए। अतएव उच्च तकनीक की सहायता से निर्मित किए गए एक्सप्रेस-वे और राष्ट्रीय राजमार्ग उसी अनुपात में दुर्घटनाओं का कारण बनते चले जा रहे हैं। सीमेंट और कंक्रीट की बनी सड़कें दुर्घटनाओं को ज्यादा आमंत्रित कर रही हैं, क्योंकि इन सड़कों पर वाहन जितनी जल्दी रफ्तार पकड़ते हैं, उतनी जल्दी नियंत्रित नहीं होते हैं। ऐसे में ब्रेक लगाना वाहन पलटने का कारण बन जाता है। साफ है, सुविधजनक चार और छह लाइन की सड़कें सुरक्षित सफर की कसौटी नहीं रह गई हैं। देश में राष्ट्रीय राजमार्ग केवल दो प्रतिशत हैं, किंतु सड़क हादसों में होने वाली मौतों में कुल संख्या में इनका प्रतिशत 30 है। इस वजह की चिंता करते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने केंद्र, राज्य सरकारों और संबंधित सड़क प्राधिकरणों को सड़कों को सुरक्षित बनाने के दिशा-निर्देश दिए हैं। देश में सड़क दुर्घटनाओं को लेकर केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्रालय 2023 की रिपोर्ट के अनुसार, बीते वर्ष की तुलना में 4.2 प्रतिशत हादसे बढ़ गए, इनमें जान गवांने वालों की संख्या भी बढ़ गई। साल 2019 में देश में 4.56 लाख सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 1.59 लाख लोग मारे गए। 2020 में कोरोना काल के चलते आवागमन लगभग बंद था, इसलिए हादसे भी कम हुए। परंतु 2021 में करीब 4.2 लाख, 2022 में 4.61 लाख और 2023 में 4.80 लाख दुर्घटनाएं हुई और इन हादसों में करीब 8 लाख से ज्यादा लोग मारे गए। यह स्थिति बेहद चिंताजनक है। लिहाजा शासन-प्रशासन ने बड़े हादसों का ठीकरा वाहनों की तेज रफ्तार पर फोड़कर अपनी चिंता पूरी कर ली। केंद्रिय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी सड़क हादसों का दोशी अकर्मण्य आधिकारियों को जता देते हैं, लेकिन जब यह निकम्मे हैं, तो इन पर कार्यवाही क्यों नहीं होती ? अतएव रिपोर्ट का निष्कर्ष है कि प्रशासन बेसुध है और सरकार नौकरशाही के आगे लाचार है।चिंता की बात है कि आखिर ये हादसे क्यों हो रहे हैं ? केंद्र सरकार ने नवंबर 2022 में जानकारी दी थी कि देशभर में हई कुल सड़क दुर्घटनाओं में 32.9 प्रतिशत एक्सप्रेस-वे पर घटी हैं। इनकी वजह तेज गति रही है। सवाल है कि जब तेज रफ्तार से हादसे हो रहे हैं, तो इन्हें रोकने के उपाय क्या किए जा रहे हैं। पश्चिमी देशों में तो गति राडार लगाए गए हैं। व्यावसायिक वाहनों में भी स्पीड गवर्नर लगाने की योजना है, लेकिन वह ठंडे बस्ते में पड़ी हैं। यह योजना इंटेलिजेंट ट्रांसपोर्ट सिस्टम है। इसे वाहन की ईंधन प्रदाय प्रणाली से जोड़ा जाता है, जो गति बढ़ाने के लिए अतिरिक्त तेल इंजन में जाने ही नहीं देती है। दुर्घटनाओं के बढ़ने का एक बड़ा कारण देश को कार और दो पहिया वाहनों से पाट देना भी है। राष्ट्रीय राजमार्गे पर होटल और भोजनालयों की संख्या निरंतर बढ़ रही है। इनके सामने वाहन बेतरतीब ढंग से खड़े कर दिए जाते हैं। इसी सिलसिले में सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि



संबंधित प्राधिकरण और नियंत्रक एजेंसियां इस स्थिति को सुधारने का प्रयत्न करें। वैसे राष्ट्रीय राजमार्गों पर यातायात पुलिस की नियमित गश्त का प्रावधान है, लेकिन लापरवाही के चलते गश्तीदल दिखते ही नहीं हैं।अब तक यह आम धारणा बनी हुई है कि सड़क हादसे राजमार्गों पर अधिक होते हैं। किंतु सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने सड़क दुर्घटनाओं को लेकर एक नई तस्वीर पेश की है। इससे पता चला है कि राजमार्गों से कहीं अधिक हादसे भीतरी सड़कों पर भी होने लगे हैं। यह वाकई हकीकत है। ग्रामीण इलाकों में जबसे ट्रेक्टर, बाइक और कार-जीपों की संख्या बढ़ी है, तब से इन छोटे समझे जाने वाले मार्गों पर दुर्घटनाएं बढ़ी हैं। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत बीते दो दशकों के भीतर गांव-गांव सड़कें पहुंची हैं और उसी तादाद में वाहन भी बढ़े हैं। विडंबना यह भी रही कि इसी दौरान गांव-गांव शराब की वैध-अवैध बिक्री भी शुरू हो गई, जो दुर्घटनाओं का सबसे बड़ा कारण बन रही है। सड़क हादसों में भारत को हर साल मानव संसाधन का सर्वाधिक नुकसान उठाना पड़ता है। अंतरराष्ट्रीय सड़क संगठन (आईआरएफ) की रिपोर्ट के मुताबिक दुनियाभर में सड़क हादसों में होने वाली मौतों में भारत की हिस्सेदारी 10 प्रतिशत से ज्यादा हैं। इस जानकारी के अनुसार 12.5 लाख लोगों की दुनिया में प्रतिवर्श सड़क हादसों में मौतें होती हैं, इनमें सर्वाधिक भारत में होती है। जो परिवार हादसे में अपने परिजन को गंवाता है, उस पर पांच लाख रुपए का औसतन अतिरिक्त बोझ पड़ता है। सड़कों पर बढ़ती दुर्घटनाओं में शराब पीकर वाहन चलाना, नाबालिग बाइकर्स का सड़कों पर बेलगाम होना भी है, वहीं देश में बढ़ते सड़क हादसों के कारण राष्ट्रीय राजमार्गों में भी तलाशे जा रहे हैं। दरअसल देश में हरेक साल करीब डेढ़ लाख लोग मारे जाते हैं और चार से पांच लाख घायल होते हैं, उनमें ज्यादातर युवा होते हैं। दूसरी तरफ सरकार राजमार्गों पर ऐसे स्थल तलाश रही है, जहां अधिकतम दुर्घटनाएं होती हैं। इसके बाद इन स्थलों पर ऐसे सुधार किए जाएंगे,जिससे घटनाएं कम हों। राजमार्ग लंबे व तेज गति के सफर के लिए होते हैं। इसलिए अक्सर वाहनों की गति तेज रहती है। भारी मालवाहक वाहन राजमार्गों से ही गुजरते हैं। ऐसे में यदि वाहन चालकों को आसानी से शराब की उपलब्धता दिखाई दे तो उसके प्रति स्वाभाविक रूप से लालच पैदा हो जाता है। इसके सेवन के साथ ही खतरे की आशंका बढ़ जाती है। राजमार्गों पर हर पांच किलोमीटर की दूरी पर औसतन शराब की तीन दुकानें हैं। इस बाबत पूर्व प्रधान न्यायाधीश टीएस ठाकुर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने शराब लॉबी के दबाव में अंधाधुंध परमिट बांटने की प्रवृत्ति पर टिप्पणी करते हुए कहा था कि,'शराब के भयावह सामाजिक, आर्थिक और स्वास्थ्य संबंधी चिंताओं पर खूब चर्चा की जाती है, लेकिन संवैधानिक निर्देश के बावजूद सरकारें शराब पर अंकुश लगाने की राजनीतिक इच्छाशक्ति नहीं दिखा पाती हैं। शराब कारोबारी भी धन के बूते ऐसी पहलों को व्यर्थ कर देते हैं और सरकारें राजस्व कमाई की दुहाई देकर शराब की बिक्री जारी रखती हैं।' इन हादसों में ज्यादातर मरने वाले लोगों में 40 फीसदी, 26 से 45 आयुवर्ग के होते हैं। यही वह महत्वपूर्ण समय होता है, जब इन पर परिवार के उत्तरदायित्व के निर्वहन का सबसे ज्यादा दबाव होता है। ऐसे में दुर्घटना में प्राण गवां चुके व्यक्ति के परिजनों पर सामाजिक, आर्थिक और आवासीय समस्याओं का संकट एक साथ टूट पड़ता है। इन हादसों में 19 से 25 साल के इतने युवा मारे जाते हैं, जितने लोग कैंसर, टीबी और मलेरिया से भी नहीं मरते। ये हादसे मानवजन्य विसंगतियों को भी बढ़ावा दे रहे हैं। आबादी में पीढ़ी व आयुवर्ग के अनुसार जो अंतर होना चाहिए, उसका संतुलन भी गड़बड़ा रहा है। यदि सड़क पर गति को नियंत्रित नहीं किया गया तो सड़क हादसों में मरने वाले लोगों की संख्या इतनी बढ़ जाएगी कि शायद आबादी नियंत्रण के लिए परिवार नियोजन की जरुरत ही नहीं रह जाएगी ? सड़कों से वाहन कम किए बिना दुर्घटनाओं से छुटकारा मुश्किल है। दूसरी तरफ कार एवं बाइक लॉबी हमारे यहां इतनी मजबूत है कि वह कारों के उत्पादन में कमी लाने नहीं देती, बल्कि उसकी तो कोशिश है कि कारें सड़कों पर निर्बाध चलें। इसके लिए पदयात्री, साइकिल, तांगा और साइकिल रिक्शा को ही सड़कों से हटा दिया जाए, वास्तव में हो भी यही रहा है।

-प्रमोद भार्गव,लेखक/पत्रकार

## मुख्यमंत्री ने खाटू श्याम मंदिर में पूजा अर्चना कर सुख समृद्धि की कामना की

देहरादून (उद संवाददाता)। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राजस्थान के सीकर जनपद में स्थित आस्था के प्रमुख केंद्र बाबा खाटू श्याम मंदिर पहुंचकर विधिवत दर्शन एवं पूजन किया। इस दौरान उन्होंने बाबा खाटू श्याम के चरणों में श्रद्धा सुमन अर्पित किए। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इस अवसर पर बाबा श्याम से समस्त



प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि और उन्नति की कामना की। उन्होंने देवभूमि उत्तराखंड की निरंतर प्रगति शांति और खुशहाली के लिए भी प्रार्थना की। मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा खाटू श्याम की कृपा से समाज में सकारात्मक ऊर्जा और आस्था का संचार होता है।

## हॉस्टल, पीजी, किराये के घरों के मालिक के नाम से होगी भवन गणना, 25 अप्रैल से आएंगे प्रगणक

देहरादून। प्रदेश में जो लोग हॉस्टल, पीजी, किराये के मकान में रह रहे हैं, उनके भवन की गणना मकान मालिक या उस बिल्डिंग के मैनेजर के नाम से होगी। किरायदारों की केवल संख्या इसमें बतानी होगी। वहीं, भवन बंद मिलने पर प्रगणक उस संबंध में पड़ोसियों से जानकारी लेंगे। जनगणना के पहले चरण के तहत स्व-गणना का काम 24 अप्रैल को खत्म होने जा रहा है। इसके बाद 25 अप्रैल से प्रगणक घर-घर आएंगे। इसके लिए जनगणना निदेशालय ने तैयारी पूरी कर ली है। प्रगणक हर भवन तक पहुंचेंगे। उसका सूचीकरण करेंगे। उस भवन में रहने वालों से 33 सवाल पूछेंगे। उस भवन में जो भी मकान मालिक या मैनेजर होगा, उससे कुल सदस्यों की संख्या पूछी जाएगी। जैसे अगर किसी भवन में मकान मालिक और चार किरायदार रहते हैं तो मकान मालिक के नाम से भवन गणना होगी। किराएदारों को अलग से कुछ बताने की जरूरत नहीं होगी।भवन गणना के दौरान जो मकान बंद मिलेंगे, प्रगणक आस-पड़ोस के लोगों से जानकारी लेंगे। अगर भवन अस्थायी बंद होगा तो प्रगणक दोबारा आएंगे। अगर स्थायी तौर पर बंद होगा तो प्रगणक उसे अपने रिकॉर्ड में सुरक्षित कर लेंगे। सभी प्रगणकों के पास क्यूआर कोड वाली आईडी होगी। जब वे किसी भवन में प्रवेश करेंगे तो वहां के निवासी उनका आईकार्ड चेक कर सकते हैं। इस कार्ड को स्कैन करते ही पूरी जानकारी मिल जाएगी।

जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरुनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

हमारे यहां कुंडली बनाने व दिखवाने एंव वैदिक ब्राह्मणों द्वारा रूद्राभिषेक, दुर्गा सप्तशती पाठ महामृत्युंजय जप, ग्रह शांति, शतचंडी यज्ञ एवं समस्त यज्ञ जप इत्यादि
समस्याओं का समाधान के लिये संपर्क करें :
आचार्य गोपाल शास्त्री जी : 7248133444

## बदरीनाथ धाम में पहुंची उद्धव-कुबेर जी की डोलियां, कल प्रातः खुलेंगे कपाट



गोपेश्वर। शीतकालीन प्रवास के उपरांत भगवान बद्री विशाल के प्रतिनिधि स्वरूप उद्धव जी एवं देवताओं के खजांची कुबेर जी की पवित्र उत्सव डोलियाँ योगध्यान बद्री मंदिर, पांडुकेश्वर से सकुशल श्री बदरीनाथ धाम पहुंच गईं। इस दिव्य आगमन के साथ ही धाम में कपाट खुलने की तैयारियों को और गति मिल गई है तथा सम्पूर्ण क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो उठा। प्रात:काल योगध्यान बद्री मंदिर, पांडुकेश्वर में पारंपरिक पूजा-अर्चना, वैदिक मंत्रोच्चार एवं धार्मिक अनुष्ठानों के पश्चात इस पावन यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा में भगवान बद्री विशाल की उत्सव डोली, आदि गुरु शंकराचार्य जी की गद्दी, पवित्र गाडू घड़ा (तिल तेल कलश), रावल जी (मुख्य पुजारी) सहित भगवान के सखा उद्धव जी एवं खजांची कुबेर जी की डोलियां भव्यता के साथ बदरीनाथ धाम की ओर रवाना हुईं। पूरे यात्रा मार्ग में अद्भुत आध्यात्मिक वातावरण देखने को मिला। भारतीय सेना के बैंड की मधुर एवं भक्तिपूर्ण धुनों, "जय बद्री विशाल" के गगनभेदी जयकारों और श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच यह पवित्र काफिला आगे बढ़ता रहा। मार्ग में पड़ने वाले प्रमुख पड़ावों - विष्णुप्रयाग, लामबगड़ एवं हनुमानचट्टी - पर स्थानीय लोगों एवं श्रद्धालुओं द्वारा डोलियों का पारंपरिक स्वागत किया गया तथा पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत पुलिस द्वारा पूरे मार्ग पर चाक-चौबंद प्रबंध किए गए थे, जिससे यह संपूर्ण यात्रा शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सकी। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, जब शीतकाल में श्री बदरीनाथ धाम के कपाट बंद हो जाते हैं, तब भगवान विष्णु के प्रतिनिधि उद्धव जी एवं कुबेर जी योगध्यान बद्री, पांडुकेश्वर में विराजमान रहते हैं। चारधाम यात्रा के पुनः आरंभ से पूर्व इन दिव्य स्वरूपों का बदरीनाथ धाम लौटना एक अत्यंत महत्वपूर्ण परंपरा है, जो यह दर्शाता है कि भगवान की दिव्य सत्ता और व्यवस्था निरंतर बनी रहती है। उद्धव जी एवं कुबेर जी की इस पावन वापसी के साथ ही अब श्री बदरीनाथ धाम के कपाट खुलने की उल्टी गिनती शुरू हो गई है, जिसका देश-विदेश के लाखों श्रद्धालु बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं।

## केदारपुरी में लौटी रौनक,व्यापारियों के चेहरे खिले



रुद्रप्रयाग। शीतकाल में बर्फ की सफेद चादर में छह महीने तक शांत पड़ी केदार घाटी एक बार फिर जीवंत हो उठी है। बाबा केदार के धाम के कपाट खुलते हीं पूरी घाटी में आस्था, उत्साह और आर्थिक गतिविधियों का संगम देखने को मिल रहा है। जहां कुछ दिन पहले तक सन्नाटा पसरा था, वहीं अब हर ओर "हर-हर महादेव" के जयघोष और यात्रियों की चहल-पहल गूंज रही है।इससे पहले मंगलवार को डोली के शीतकालीन गद्दीस्थल से केदारपुरी पहुंचते ही घाटी का नजारा पूरी तरह बदल गया है। अगस्त्यमुनि से लेकर गुप्तकाशी, फाटा, सीतापुर, सोनप्रयाग और गौरीकुंड तक हाईवे किनारे दुकानें सजी हैं।व्यापारियों ने अपने प्रतिष्ठानों को नया रूप दिया है और देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए पूरी तरह तैयार हैं। केवल केदारघाटी में ही पचास हजार से अधिक व्यापारी इस यात्रा से सीधे तौर पर जुड़े हैं, जो आने वाले छह महीनों में लाखों तीर्थयात्रियों की सेवा में जुटे रहेंगे। केदारनाथ यात्रा मार्ग पर भी रौनक साफ झलकने लगी है। पैदल मार्ग पर छोटी-छोटी दुकानें यात्रियों के लिए चाय, नाश्ता और जरूरी सामान उपलब्ध करा रही हैं। सोनप्रयाग और गौरीकुंड की पार्किंग स्थल वाहनों से अभी से फुल हो गए हैं। बाजारों में दिनभर यात्रियों और स्थानीय लोगों की आवाजाही बनी हुई है। यात्रा को सुरक्षित और सुचारु बनाए रखने के लिए पुलिस और प्रशासन भी पूरी तरह सक्रिय है। हर प्रमुख चौराहे और पड़ाव पर सुरक्षा बल तैनात हैं, जिससे श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो। केदारनाथ यात्रा यहां के लोगों के लिए केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि जीवनयापन का मुख्य आधार भी है। छह महीने चलने वाली यह यात्रा स्थानीय व्यापारियों, होटल व्यवसायियों, ढाबा संचालकों, घोड़ा-खच्चर मालिकों और छोटे दुकानदारों के लिए सालभर की आय का प्रमुख स्रोत है। इसी अवधि में होने वाली कमाई से वे अपने परिवार का भरण-पोषण करते हैं और पूरे वर्ष की आर्थिक जरूरतें पूरी करते हैं। यात्रा के सुचारु संचालन में घोड़ा-खच्चरों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। जिले के विभिन्न हिस्सों के साथ-साथ पड़ोसी राज्यों से भी इनका आगमन जारी है। सोनप्रयाग और गौरीकुंड में बड़ी संख्या में घोड़ा-खच्चर पहुंच चुके हैं। इस बार लगभग 8 हजार घोड़ा-खच्चरों के यात्रा मार्ग पर तैनात होने का अनुमान है, जो बुजुर्गों और असमर्थ यात्रियों के लिए सहारा बनेंगे। स्थानीय व्यापारियों में इस बार यात्रा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। होटल एसोसिएशन केदार घाटी के महासचिव मनोज सेमवाल के अनुसार, "हर साल की तरह इस बार भी सभी को यात्रा से बड़ी उम्मीदें हैं। यही समय होता है जब सभी लोग अपनी सालभर की आर्थिक स्थिति मजबूत करते हैं।" वहीं, गौरीकुंड के व्यापारी मायाराम गोस्वामी का कहना है कि यह यात्रा न केवल स्थानीय बल्कि अन्य जिलों के हजारों लोगों की आजीविका से जुड़ी है। डोली के केदारपुरी पहुंचते ही केदार घाटी में धार्मिक उत्साह और आर्थिक गतिविधियां अपने चरम पर पहुंच गई हैं।

## पेज एक का शेष...

**हर हर महादेव के उद्घोष के साथ....**बताया कि यात्रा व्यवस्थाओं की वह स्वयं नियमित समीक्षा कर रहे हैं ताकि किसी भी श्रद्धालु को असुविधा न हो। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि यात्रा मार्गों, स्वास्थ्य सेवाओं, पेयजल, स्वच्छता और सुरक्षा व्यवस्थाओं को उच्च स्तर पर बनाए रखा जाए। उन्होंने यह भी कहा कि श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए सभी आवश्यक प्रबंध समय से सुनिश्चित किए जाएं। इस पावन अवसर पर मुख्यमंत्री ने सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बाबा केदारनाथ का आशीर्वाद सभी पर बना रहे और उत्तराखंड निरंतर प्रगति के पथ पर अग्रसर रहे। उन्होंने कहा कि बाबा केदार के कपाट खुलना हम सभी के लिए अत्यंत सौभाग्य का क्षण है। मुख्यमंत्री ने यह भी विश्वास जताया कि इस वर्ष की चारधाम यात्रा पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ देगी और श्रद्धालुओं को देवभूमि में एक सुखद अनुभव प्राप्त होगा। उन्होंने सभी से यात्रा के दौरान स्वच्छता और मर्यादा बनाए रखने का भी आह्वान किया। इससे पूर्व मंगलवार शाम बाबा केदार की पंचमुखी चल विग्रह उत्सव डोली 17 किलोमीटर की कठिन पैदल यात्रा तय कर केदारपुरी पहुंची थी। 8वीं सिखलाई रेजीमेंट के बैंड की मधुर धुनों और डमरू की गूंज के बीच डोली का भव्य स्वागत किया गया। कपाट खुलने के साथ ही केदारनाथ यात्रा का विधिवत शुभारंभ हो गया है। कपाट खुलने के अवसर पर श्रीमती गीता धामी, बीकेटीसी अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, विधायक केदारनाथ आशा नौटियाल, जिला पंचायत अध्यक्ष रुद्रप्रयाग पूनम कठैत, ब्लॉक प्रमुख ऊखीमठ पंकज शुक्ला, जिला पंचायत सदस्य अमित मैखंडी, पूर्व जिलाध्यक्ष महावीर पंवार, तीर्थ पुरोहित उमेश चंद्र पोस्ती, जिलाधिकारी रुद्रप्रयाग/मुख्य कार्याधिकारी बीकेटीसी विशाल मिश्रा, पुलिस अधीक्षक नीहारिका तोमर, सहित बड़ी संख्या में तीर्थ पुरोहितगण, हकहकूकधारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

**पीएम ने चारधाम...**आनंद लें। स्वच्छता को सर्वोपरि बताते हुए प्रधानमंत्री ने यात्रियों से धाम और आसपास के क्षेत्रों में सफाई बनाए रखने, नदियों को स्वच्छ रखने और एकल उपयोग प्लास्टिक मुक्त यात्रा का संकल्प लेने को कहा है। उन्होंने हिमालय की संवेदनशीलता को समझते हुए प्रकृति के संतुलन को बनाए रखने और एक पेड़ मां के नाम जैसे प्रयासों से पर्यावरण संरक्षण में भागीदार बनने का आह्वान किया। सेवा और एकता पर बल देते हुए उन्होंने यात्रियों को प्रतिदिन सेवा का कम से कम एक कार्य करने और सहयात्रियों की सहायता करते हुए विभिन्न प्रांतों के लोगों से जुड़ने की सलाह दी।आर्थिक प्रगति के दृष्टिगत प्रधानमंत्री ने आग्रह किया कि प्रत्येक यात्री अपनी यात्रा के कुल खर्च का कम से कम पांच प्रतिशत हिस्सा स्थानीय उत्पादों को खरीदने पर खर्च करें जिससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिल सके। अनुशासन और मर्यादा का पालन करने की सीख देते हुए उन्होंने यात्रा नियमों और यातायात निर्देशों का पूर्ण पालन करने को कहा ताकि प्रबंधन में लगे लोगों को कोई असुविधा न हो। प्रधानमंत्री ने कंटेंट क्रिएटर्स और इंफ्लूएंसर्स से भी उत्तराखंड की स्थानीय कहानियों और छोटी परंपराओं को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की है। उन्हें विश्वास है कि बाबा केदार की कृपा से सभी की यात्रा मंगलमय होगी।

**भाजपा युवा मोर्चा...**है और महिलाओं के हितों की उसे कोई चिंता नहीं है। पुतला दहन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस विरोधी नारे लगाते हुए प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में जिला महामंत्री करण भारद्वाज, गोविंद यादव, जिला उपाध्यक्ष सतविंदर सिंह, आकाश कांबोज, जिला मंत्री पीयूष प्रधान, प्रियांशु कथुरिया, गुनगुन पवार और रजनी ठाकुर ने भी भागीदारी की। प्रदर्शन के दौरान पूर्व महापौर ऊषा चौधरी, पीसीयू चेयरमैन राम मेहरोत्रा, राज्यमंत्री सीमा चौहान, मंडल अध्यक्ष राहुल कश्यप और राहुल खन्ना ने भी कांग्रेस की नीतियों की आलोचना की। इस दौरान नारायण मंडल, देवेंद्र सिंह, अमित बग्गा, सचिन ठाकुर और लोकेश यादव सहित बड़ी संख्या में महिला कार्यकर्ता एवं भाजपा पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में महिलाओं के अधिकारों के प्रति एकजुटता दिखाते हुए नारी शक्ति अधिनियम के पक्ष में अपनी आवाज बुलंद की।

**चोरी की पांच...**की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस आवास विकास की चोरी का खुलासा करने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। इसी कड़ी में संदिग्धों से पूछताछ और चेकिंग के दौरान इन वाहन चोरों को गिरफ्तार किया गया है। अभियुक्तों के पास से बरामद पांचों मोटरसाइकिलें पूर्व में किच्छा, रुद्रपुर के ट्रांजिट कैंप और पड़ोसी राज्य उत्तर प्रदेश के बरेली से चुराई गई थीं। कोतवाली प्रभारी प्रकाश सिंह दानू के दिशा-निर्देशन में उप निरीक्षक मनोज सिंह, कांस्टेबल भागवत परिहार, जगदीश मेहरा और कमल रावत की टीम ने अभियुक्तों को न्यायालय में पेश करने की कार्रवाई शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि वाहन चोरों से पूछताछ में आवास विकास की चोरी के संबंध में भी महत्वपूर्ण सुराग हाथ लग सकते हैं।

**टाले से भिड़ी...**उन्होंने घटना की जानकारी लेकर वाहनों को अपने कब्जे में लिया। इधर मामले की सूचना मिलते ही घायलों के परिजन भी आ पहुंचे। जिसके बाद सभी घायलों को परिजन उपचार के लिए अन्यत्र ले गये।

**सरकारी भूमि पर बनी...** बना रहे इस ओर सरकार काम कर रहीहै अभी तक ,600 ऐसी अवैध संरचनाओं को हटा दिया गया है जहां हरी नीली चादर बिछाकर पाखंड का धंधा चलाया जाता था।


संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर ( उत्तराखण्ड )से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक- परमपाल सुखीजा
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)

# स्वर्ण पदक विजेता क्षितिज सिंह को चुघ ने किया सम्मानित

## दक्षिण एशियाई जू-जित्सु प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर लौटने पर जिला जु-जित्सू एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ ने किया जोरदार स्वागत



रूद्रपुर। साउथ एशियन जु-जित्सू फैडरेशन के तत्वावधान में 9-12 अप्रैल तक श्रीलंका के डिंगाना स्पोर्ट्स काम्प्लेक्स में आयोजित दक्षिण एशियाई जू-जित्सु चौंपियनशिप- 2026 में भारतीय जु-जित्सू टीम में शामिल होकर जनपद के होनहार खिलाडी क्षितिज सिंह ने शानदार प्रदर्शन कर भारत देश के लिए स्वर्ण पदक अर्जित कर प्रदेश व जनपद का मान बढ़ाया है। इस उपलब्धि पर जिला जु-जित्सू एसोसिएशन के अध्यक्ष भारत भूषण चुघ, महासचिव ऋषि पाल भारती, उद्योगपति महेश ठाकुर, एशियाई खिलाड़ी कृष्ण साना सहित अनेकों युवा लोगों द्वारा गर्मजोशी के साथ स्वर्ण पदक विजेता क्षितिज सिंह को माल्यार्पण कर मिठाई खिलाकर व ट्रैक सूट देकर, तमाम लोगों ने ष्भारत माता की जयष के नारों के साथ उन्हें सम्मानित किया। जिला जु-जित्सू संघ के अध्यक्ष भारत भूषण ने कहा कि यह हमारे जनपद व शहर के लिए गर्व की बात है, क्षेत्र के खिलाड़ी क्षितिज सिंह ने दक्षिण एशियाई जू-जित्सु प्रतियोगिता में स्वर्ण पदक जीतकर ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। साथ ही उक्त प्रतियोगिता में अपने आयुवर्ग में स्वर्ण पदक जीतकर पहले भारतीय जु-जित्सू खिलाड़ी बनने का गौरव प्राप्त किया। ओर आगे अध्यक्ष भारत भूषण ने क्षितिज सिंह के कोच ऋषि पाल भारती की भूरी भूरी प्रशंसा करते हुए उनको बधाई देते हुए कहा कि वर्ष 2018 से कोच ऋषि पाल भारती ने जिले में जु-जित्सू खेल की एक अलख जगाई है, जिसका परिणाम है कि जनपद के खिलाड़ी राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर मान बढ़ा रहे है। एवं उन्होंने क्षितिज को आगामी प्रतियोगिताओं में प्रतिभाग करने हेतु उत्तराखंड सरकार से हर संभव आर्थिक मदद दिलवाने का भी आश्वासन दिया। जु-जित्सू एसोसिएशन ऑफ इंडिया के मीडिया पब्लिसिटी कमिशन के चेयरमैन व क्षितिज सिंह के मुख्य कोच ऋषि पाल भारती ने बताया कि भारतीय जु-जित्सू टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए हुए क्षितिज सिंह ने एडल्ट्स आयुवर्ग की (85 किग्रा ) भारवर्ग की फाइटिंग स्पर्धा में अपने फाइनल मैच में श्रीलंका के खिलाड़ी को मात देते हुए स्वर्ण पदक जीता, एवं अपने दूसरे टीम इवेंट डूओ शो मिक्सड इवेंट्स में हल्द्वानी शहर की श्रीपर्णा जोशी के साथ शानदार प्रदर्शन कर रजत पदक जीते। क्षितिज सिंह पिछले 10 वर्षों से जू-जित्सु खेल का गहन प्रशिक्षण ले रहे है। पिछले वर्ष उन्होंने राष्ट्रीय स्तर पर दो स्वर्ण पदक, जॉर्डन में आयोजित नौवीं एशियाई जू-जित्सु प्रतियोगिता में भारत देश के लिए कांस्य पदक जीत चुके है। इस अवसर पर नगर महामंत्री अमित गौड़, पूरन पाण्डेय, पूर्व जिला प्रचारक सोमनाथ जायसवाल, सागर साहू, पूर्व जिला उपाध्यक्ष युवा मोर्चा रजत दीक्षित, मोनू ठाकुर, जू जित्सु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष विनय कुमार जोशी, महासचिव अमित अरोरा, टीम कोच एम. आर. शाहिद, जवान सिंह, उपनिदेशक खेल श्रीमती रसिका सिद्दीकी, उत्तरांचल ओलंपिक संघ के महासचिव डी.के सिंह, जिला डीएसओ श्रीमती जानकी कार्की, चेतन धीर, हीराम तिग्गा, किशोर सिंह, हिमा भट्ट, गंगा मेहरा, कृष्ण साना, मुकेश यादव, सतविंदर सिंह, विजेंद्र चौधरी, शंकर सिंह बसेरा, सुखदेव सिंह, वसीम खान, अभिषेक राजपूत, नरेंद्र सिंह, विक्रम सिंह, कमल सक्सेना, गुलशन कुमार, शेखर सक्सेना, मिनकू ठाकुर, सहित अनेको अभिभावकों सहित विभिन्न खेल संघों के पदाधिकारियों एवं प्रशिक्षकों ने शुभकामनाएं देते हुए बधाई दी।




# राजनीति को बनाया है जनसेवा का माध्यम: प्रमोद मित्तल

रुद्रपुर (उद संवाददाता)। समाजसेवी व भाजपा नेता एडवोकेट प्रमोद मित्तल ने कहा है कि वह जनसेवा के लिए सदैव तत्पर हैं और गरीबों के दुख-दर्द में हमेशा उनके साथ खड़े रहना ही उनका उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि वह राजनीति को जनसेवा का माध्यम मानते हैं और इसी भावना के साथ समाज के प्रत्येक वर्ग तक सहायता पहुंचाने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उनका मानना है कि सच्ची राजनीति वही है, जो समाज के कमजोर और जरूरतमंद वर्ग के उत्थान के लिए समर्पित



हो। यह बात उन्होंने निरंतर चल रहे जनसेवा अभियान अभियान के दौरान अग्रसेन चौक पर भंडारा वितरण के दौरान कही। जनसेवा का शुभारंभ समाजसेवी विपिन गुप्ता, अखिलेश अग्रवाल, पंकज अग्रवाल एवं अनुज पाठक द्वारा किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्री हनुमान जी एवं भगवान शिव-पार्वती जी की पूजा-अर्चना के साथ हुई, जिसमें समाज की सुख-समृद्धि, शांति एवं उत्तम स्वास्थ्य की कामना की गई। जनसेवा अभियान के अंतर्गत प्रतिदिन जरूरतमंदों, श्रमिकों, राहगीरों एवं असहाय व्यक्तियों को निशुल्क भोजन कराया जा रहा है। साथ ही आवश्यक दवाइयों का वितरण कर उनकी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं में राहत पहुंचाई जा रही है। जनसेवा में कुशल अग्रवाल,श्रीओम अग्रवाल, प्रमोद यादव, निखिल चंडोक, अनुज अग्रवाल, अंकित शर्मा, एडवोकेट मनीष मित्तल, शिवांश अग्रवाल, चौधरी सुधीर डागर, अमित मित्तल सहित तमाम लोगों ने योगदान दिया।

# राज्य के सभी स्कूलों में हीटवेव एक्शन प्लान तैयार करने के निर्देश

देहरादून। प्रदेश में लगातार बढ़ती गर्मी और हीटवेव के खतरे को देखते हुए विद्यालयी शिक्षा विभाग ने सभी जिलों को सतर्क कर दिया है। इस संबंध में विद्यालयी शिक्षा महानिदेशक की ओर से समस्त मुख्य शिक्षा अधिकारियों को निर्देश जारी किए गए हैं कि छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता रहे और आवश्यकता पड़ने पर स्कूलों के समय में बदलाव किया जा सकता है। शिक्षा महानिदेशक दीप्ति सिंह ने मुख्य सचिव की गत 15 अप्रैल को हुई समीक्षा बैठक के निर्णयों के आधार पर जारी निर्देशों में कहा है कि सभी विद्यालयों में नियमित अंतराल पर 'वाटर बेल' बजाई जाए, ताकि बच्चे समय-समय पर पानी पीते रहें और डिहाइड्रेशन से बच सकें। साथ ही स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था अनिवार्य रूप से



सुनिश्चित करने को कहा गया है। विद्यालयों को कक्षाओं में पर्याप्त वेंटिलेशन, ओआरएस और प्राथमिक उपचार की व्यवस्था रखने के निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा हीटवेव से बचाव के लिए बच्चों को जागरूक करने, स्कूल स्तर पर हीटवेव एक्शन प्लान तैयार करने और तेज धूप के दौरान खेलकूद व बाहरी गतिविधियों पर रोक लगाने को भी कहा गया है। निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि अवकाश के बाद छात्र-छात्राओं को समूह में घर भेजा जाए, ताकि किसी आपात स्थिति में एक-दूसरे की मदद मिल सके। विभाग ने चेतावनी दी है कि छात्रों की सुरक्षा से जुड़े इस महत्वपूर्ण मामले में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संभावना है कि आगामी दिनों में तापमान और बढ़ने पर कई जिलों में स्कूलों के समय में बदलाव या आंशिक अवकाश जैसे कदम भी उठाए जा सकते हैं।

# हिमांशु जिला मंत्री और रोहित आर्या ब्लॉक उपाध्यक्ष नियुक्त

नानकमत्ता। क्षेत्र के युवा नेता हिमांशु सक्सेना को वैश्विक मानवाधिकार श्रमिक सुरक्षा परिषद का ऊधम सिंह नगर जिला मंत्री तथा रोहित आर्या को ब्लॉक उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। दोनों की नियुक्ति पर संगठन पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं में हर्ष का माहौल है।परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष खूब सिंह विकल ने सितारगंज निवासी हिमांशु सक्सेना को जिला मंत्री और उकरौली निवासी रोहित आर्या को ब्लॉक उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी है। संगठन ने दोनों से



अपेक्षा जताई है कि वे श्रमिकों एवं मानवाधिकारों से जुड़े मुद्दों को मजबूती से उठाएंगे और संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करेंगे।नवनियुक्त पदाधिकारियों हिमांशु सक्सेना और रोहित आर्या ने संगठन नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे पूरी निष्ठा और ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा सामाजिक कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाएंगे।इस अवसर पर जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष राजन मंडल, विधानसभा अध्यक्ष प्रदीप बढ़ई, कुमाऊं सह संयोजक सतीश सागर, आकाश सिंह, सूरज, रोहित सहित अन्य पदाधिकारियों ने दोनों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।